हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**सिनर पहली बार इंडियन वेल्स चैंपियन, मेदवेदेव को हराया, विमेंस सिंगल्स में सबालेंका जीती...**

Page 09



देश

**चंडीगढ़ के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बीजेपी की विदेश नीति पर उठाए गंभीर सवाल**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 17 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 104 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,45,900 | ₹ 2,70,000 |

## आज का इतिहास

**1962 :** भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हरियाणा के करनाल जिले में हुआ।

**2006 :** अमेरिका ने भारत को भरोसेमन्द साझीदार घोषित किया।

## न्यूज बाइट्स

### गृह विभाग में 'महिला सुरक्षा' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण का द्वितीय चरण सम्पन्न

**पटना (नि.सं.)।** अभियोजन निदेशालय (गृह विभाग), बिहार, पटना के सभा कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण सोमवार को सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय कुमार (शैक्षणिक संकाय), रंजीत शंकर प्रसाद (मुख्य विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार) तथा ब्रजेश पाण्डेय (सेवानिवृत्त जिला अभियोजन पदाधिकारी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार) उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, अभियोजन प्रक्रिया और संवेदनशील मामलों के प्रभावी संचालन पर प्रकाश डाला।

### भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी को टिकट दिया गे है, जिनके सामने सीएम ममता बनर्जी होंगी। बंगाल में इस बार दो चरणों में मतदान होने के कारण राजनीतिक दलों को प्रत्याशियों की सूची जारी करने की होड़ मच गई है। वाममोर्चा ने कांग्रेस, आइएसएफ व तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा नवगठित पार्टी के साथ गठबंधन की प्रतीक्षा न करते हुए प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। वहीं सत्ताधारी पार्टी तृणमूल मंगलवार को अपनी सूची जारी करने जा रही है। दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने इसे लेकर सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक की और 144 उम्मीदवारों की अपनी लिस्ट जारी कर दी है।

### हमारा बिहार हमारी सड़क' एप पर मिली 93% शिकायतों का समाधान

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की खराब स्थिति को लेकर लोगों द्वारा की गई शिकायतों के समाधान में ग्रामीण कार्य विभाग ने तेजी दिखाई है। विभाग के अनुसार 'हमारा बिहार हमारी सड़क' एंड्रॉयड एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 93 प्रतिशत से अधिक का निवारण कर दिया गया है। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस एप के जरिए अब तक कुल 2725 शिकायतें दर्ज की गई थीं। इनमें से इंजीनियरों द्वारा 2557 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान कर दिया गया है।

---

**राज्य सभा निवार्चन :** बिहार की पांचों राज्यसभा सीटों पर एनडीए की जीत, महागठबंधन की रणनीति फेल

# नीतीश कुमार और नितिन नवीन सहित पांचों उम्मीदवार हुए विजयी

• महागठबंधन की रणनीति चार विधायकों की अनुपस्थिति से विफल रही।

निज संवाददाता | पटना

बिहार की पांचों राज्यसभा सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसकी घोषणा की। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट प्राप्त हुए, जबकि रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले। पांचवीं सीट के लिए पहली वरीयता के मतों में भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम को 30 वोट मिले थे, लेकिन दूसरी वरीयता के मतों में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार एडी सिंह को पराजित कर दिया। एडी सिंह को 37 वोट मिले, हालांकि राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट प्राप्त हुए हैं। विधानसभा में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने मतदान किया, जबकि महागठबंधन की ओर से केवल 37 विधायकों ने ही वोट डाला। जीत के लिए 41 मतों की आवश्यकता थी, लेकिन मतदान की अंतिम समय सीमा शाम चार बजे तक महागठबंधन के चार विधायक मतदान के लिए नहीं पहुंचे। मतदान में राजद के ढाका से विधायक फैसल रहमान शामिल नहीं हुए। पार्टी नेताओं ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं कांग्रेस के तीन विधायक भी मतदान के लिए नहीं पहुंचे, जिनमें सुरेंद्र कुशवाहा और मनोज विश्वास से भी पार्टी का संपर्क नहीं हो पाया। राज्यसभा की पांच सीटों के लिए छह उम्मीदवार मैदान में थे, जिसके कारण मतदान कराना पड़ा। एक सीट जीतने के लिए 41 विधायकों के मत आवश्यक थे। विधानसभा में एनडीए के पास 202 विधायकों का समर्थन होने के कारण गठबंधन ने सभी पांचों सीटों पर जीत हासिल कर ली।



### चार विधायकों की गैरहाजिरी से बिगड़ा समीकरण

राज्यसभा चुनाव में एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की आवश्यकता थी। लेकिन महागठबंधन के चार विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल बताए गए हैं। इस अनुपस्थिति ने चुनावी गणित को पूरी तरह बदल दिया। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई।

### वोट नहीं देने वाले विधायकों पर कांग्रेस की कार्रवाई की तैयारी

राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान में शामिल नहीं होने वाले विधायकों के खिलाफ कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि वोटिंग में हिस्सा नहीं लेने वाले विधायकों पर पार्टी कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि 13 मार्च तक सभी विधायक पार्टी के संपर्क में थे, लेकिन इसके बावजूद तीन विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। इस पूरे घटनाक्रम को पार्टी ने गंभीरता से लिया है और संबंधित विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

---

**नालंदा में निगरानी का बड़ा एक्शन**

# 17 हजार घूस लेते संसाधन शिक्षक गिरफ्तार

निज संवाददाता | नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संसाधन शिक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई सोमवार को की गई, जिससे शिक्षा विभाग में चल रहे कथित घूसखोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने चंडी प्रखंड संसाधन केंद्र में तैनात संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को 17,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) कार्यालय के कक्ष से की गई, जिसने विभागीय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़ित शिक्षक की शिकायत मिलने के बाद निगरानी ब्यूरो ने आरोपों का सत्यापन कराया, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद ब्यूरो ने पुष्पा कुमारी के खिलाफ मामला दर्ज कर धावा दल का गठन किया। जांच में यह भी सामने आया कि बीईओ ने खुद पैसे लेने के बजाय शिकायतकर्ता को यह रकम संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को देने का निर्देश दिया था। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय योजना के अनुसार आरोपी को पैसे दिए, निगरानी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमरेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के लिए निगरानी ब्यूरो मुख्यालय लाया गया है। पूछताछ के बाद उसे विशेष निगरानी न्यायालय, पटना में पेश किया जाएगा। वहीं, मामले की मुख्य आरोपी बीईओ पुष्पा कुमारी के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक भ्रष्टाचार के मामलों में 32 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। इन कार्रवाइयों में 21 भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ब्यूरो ने अब तक 8,62,000 रुपये की रिश्वत राशि बरामद की है।



### बीईओ के इशारे पर चल रहा था वसूली का खेल

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मामले के तार सीधे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) पुष्पा कुमारी से जुड़े हुए हैं। आरोप है कि एक शिक्षक के अंतर वेतन (एरियर) और वार्षिक वेतन वृद्धि के भुगतान के बदले रिश्वत की मांग की गई थी।

## डाक विभाग शुरू करेगा '24 स्पीड पोस्ट' सेवा, अगले दिन डिलीवरी की गारंटी

**नई दिल्ली(नि.सं.)।** भारतीय डाक विभाग ग्राहकों को तेज और समयबद्ध डिलीवरी सुविधा देने के उद्देश्य से 17 मार्च 2026 से '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करने जा रहा है। इस नई सेवा के तहत पार्सल और दस्तावेजों की अगले दिन डिलीवरी की गारंटी दी जाएगी। डाक विभाग का मानना है कि इस पहल से लोगों को तेज और भरोसेमंद डिलीवरी सेवा मिल सकेगी। इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और संचार राज्य मंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी करेंगे। कार्यक्रम 17 मार्च को दोपहर 12:30 बजे नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन के रंगभवन सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## 'समृद्धि यात्रा' के चौथे चरण का कार्यक्रम घोषित 20 मार्च को औरंगाबाद आएंगे मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना



बिहार में राज्यसभा चुनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के चौथे चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। यह यात्रा 17 मार्च से 20 मार्च तक राज्य के कई जिलों में आयोजित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे और स्थानीय लोगों तथा जनप्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को मुख्यमंत्री भागलपुर और बांका का दौरा करेंगे। 18 मार्च को वे जमुई और नवादा पहुंचेंगे। इसके बाद 19 मार्च को मुंगेर और लखीसराय में कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यात्रा के अंतिम दिन 20 मार्च को मुख्यमंत्री गया और औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

इधर बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए विधानसभा में मतदान जारी है, जिसके कारण राज्य की राजनीति भी काफी गर्म हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। उनके साथ भाजपा नेता नितिन नवीन और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया था।

बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। एनडीए के बीच हुए सीट बंटवारे के अनुसार दो-दो सीटें भाजपा और जदयू के हिस्से में गई हैं, जबकि एक सीट आरएलएम को दी गई है। राज्यसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर नीतीश कुमार ने कहा कि उनके जीवन की एक इच्छा थी कि वे विधानमंडल और संसद के दोनों सदनों के सदस्य बनें। इसी इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित बिहार बनाने का उनका संकल्प पहले की तरह कायम रहेगा और आगे बनने वाली सरकार को उनका सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहेगा। राजनीतिक सफर की बात करें तो नीतीश कुमार पहली बार वर्ष 2000 में बिहार के मुख्यमंत्री बने थे, हालांकि उस समय उनका कार्यकाल केवल सात दिनों का रहा। इसके बाद 2005 में भाजपा के साथ मिलकर उन्होंने सरकार बनाई और राज्य में कानून-व्यवस्था तथा विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले किए। पिछले दो दशकों में वे करीब 19 वर्षों से अधिक समय तक बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अलग-अलग गठबंधनों के साथ कई बार सरकार बनाकर राज्य की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है।

## हाईकोर्ट में जल्द मिलेगी हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा

**पटना (नि.सं.)।** हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं और अन्य उपयोगकर्ताओं के लिए जल्द ही हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में पहल तेज हो गई है। इस संबंध में दायर लोकहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अधिवक्ता ओमप्रकाश की ओर से दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने आवेदक को निर्देश दिया कि वह हाईकोर्ट के महानिबंधक (रजिस्ट्रार जनरल) से मिलकर परिसर में हाई स्पीड इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर की जा रही कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करें। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को प्रतिवादी बनाया जाए और याचिका की प्रति उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस विषय पर संबंधित पक्ष का पक्ष भी अदालत के समक्ष आ सके। दरअसल, हाईकोर्ट परिसर में बेहतर इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर यह लोकहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्तमान समय में न्यायिक कार्य, ई-फाइलिंग और ऑनलाइन दस्तावेजों के उपयोग के लिए तेज और स्थिर इंटरनेट अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## जमाखोरी पर कार्रवाई के बीच एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में आई गिरावट



एजेंसी | नई दिल्ली

एलपीजी की उपलब्धता को लेकर लोगों में बनी आशंकाओं के कम होने और सरकार द्वारा जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच देश में एलपीजी सिलेंडर बुकिंग की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। पीआईबी इंडिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि 14 मार्च को देशभर में 77 लाख एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग हुई, जबकि 13 मार्च को यह संख्या 88.8 लाख थी। साथ ही एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन माध्यम की हिस्सेदारी बढ़कर 87 प्रतिशत हो गई है, जो पहले 84 प्रतिशत थी। सरकार के अनुसार किसी भी एलपीजी वितरक के यहां गैस समाप्त होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि एलपीजी नियंत्रण आदेश में किए गए संशोधन के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति उपलब्ध है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। बयान में बताया गया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए विभिन्न राज्यों में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थिति की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे घबराकर सिलेंडर बुकिंग न करें, डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करें और एलपीजी वितरकों के पास अनावश्यक रूप से जाने से बचें।

इस बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। विशेष रूप से घरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में गैस की उपलब्धता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज

## संस्कृत शिक्षा बोर्ड की मध्यमा परीक्षा शुरू, 23,612 परीक्षार्थी शामिल

निज संवाददाता | पटना

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की मध्यमा परीक्षा (10वीं) 2026 सोमवार से राज्य के 59 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई। इस परीक्षा में कुल 23,612 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी, जबकि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 28 मार्च से पटना स्थित दो केंद्रों पर शुरू किया जाएगा। परीक्षा के पहले दिन बोर्ड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मधुबनी जिले के सूरज नारायण सिंह देव नारायण गुड़मैता परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने केंद्राधीक्षक और शिक्षकों से परीक्षा की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष मध्यमा परीक्षा के सफल संचालन के लिए बोर्ड द्वारा विशेष तैयारी की गई है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है और बोर्ड स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है। बोर्ड की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई जाए।

## छह स्टेशनों को मिला 'जंक्शन' का दर्जा

**पटना(नि.सं.)।** उत्तर बिहार के रेल यात्रियों के लिए अहम खबर सामने आई है। पूर्व मध्य रेलवे ने समस्तीपुर रेल मंडल के छह प्रमुख स्टेशनों के नाम के साथ "जंक्शन" शब्द जोड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, हाजीपुर की ओर से इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बदलाव 15 मार्च 2026 से पूरी व्यवस्था में लागू कर दिया गया है। रेल मंडल के मीडिया प्रभारी आर.के. सिंह के अनुसार अब इन स्टेशनों को उनके पुराने नाम के साथ "जंक्शन" जोड़कर पुकारा जाएगा। इसके तहत हसनपुर रोड को हसनपुर रोड जंक्शन, सीतामढ़ी को सीतामढ़ी जंक्शन, सरायगढ़ को सरायगढ़ जंक्शन, सुपौल को सुपौल जंक्शन, ककरघट्टी को ककरघट्टी जंक्शन और शीशो को शीशो जंक्शन के नाम से जाना जाएगा। रेलवे प्रशासन ने टिकट बुकिंग व्यवस्था से लेकर परिचालन अभिलेख तक सभी जगह इन स्टेशनों के संशोधित नाम अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि स्टेशनों के अक्षर और अंक आधारित कोड में कोई बदलाव नहीं किया गया है, ताकि तकनीकी व्यवस्था प्रभावित न हो। हालांकि नाम के साथ "जंक्शन" शब्द जुड़ने से यात्रियों को यह समझने में आसानी होगी कि यह स्टेशन एक से अधिक रेलमार्गों का मिलन बिंदु है।

---

**नई दिल्ली के पांच सितारा होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित साहित्यकार सम्मान उत्सव**

## सिद्धेश्वर को कथाबिम्ब अवार्ड, डॉ. अनुज प्रभात को साहित्य भूषण सम्मान

निज संवाददाता | पटना

बिहार के साहित्यकार एवं चित्रकार सिद्धेश्वर को 'कथाबिम्ब अवार्ड' तथा डॉ. अनुज प्रभात को 'साहित्य भूषण सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बीपीए फाउंडेशन और इंडिया नेटबुक्स की ओर से नई दिल्ली के पांच सितारा होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित 'साहित्यकार सम्मान उत्सव 2026' के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता ममता कालिया, प्रख्यात कथाकार हरिसुमन विष्ट, व्यंग्यकार राजेश कुमार, वरिष्ठ उपन्यासकार सुरेंद्र मोहन पाठक, 'व्यंग्य यात्रा' के संपादक प्रेम जनमेजय, वरिष्ठ गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र, त्रिलोक दीप, गिरीश पंकज, प्रताप सहगल और लीलाधर मंडलोई तथा नेटबुक्स की संस्थापिका डॉ. मनोरमा की उपस्थिति में दोनों साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक इंटरनेट बुक के प्रकाशक एवं 'अनुस्वार' और 'कथाबिम्ब' पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. संजीव कुमार थे।



कार्यक्रम के दौरान ममता कालिया, प्रेम जनमेजय, बुद्धिनाथ मिश्र, सुरेंद्र मोहन पाठक, त्रिलोक दीप, गिरीश पंकज और प्रताप सहगल ने सम्मानित साहित्यकारों के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए साहित्य और समाज के संबंधों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि साहित्य समाज और मानव जीवन को दिशा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई प्रकाशक लेखकों का शोषण करते हैं, जो समाज के लिए चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने डॉ. संजीव कुमार की सराहना करते हुए कहा कि वे ऐसे प्रकाशक हैं जो अपने नए और पुराने सभी लेखकों को रॉयल्टी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन व्यंग्यकार लालित्य ललित, रणविजय राव और पूनम भाटिया ने किया। इस अवसर पर देश-विदेश के 50 से अधिक विद्वानों और साहित्यकारों को विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया गया। बिहार के साहित्यकार सिद्धेश्वर और डॉ. अनुज प्रभात को मिले इस सम्मान पर ऋचा वर्मा, ज्ञानदेव मुकेश, जयंत, हरि नारायण हरि, निर्मला कर्ण, मंजू सक्सेना, राज प्रिया रानी, रसीद गौरी, बीना गुप्त, विज्ञान व्रत, डॉ. आरती कुमारी, पंकज कुमार, अपूर्व कुमार, स्वाभिमान मंच के नरेश कुमार आस्टा सहित कई साहित्यकारों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में बिहार अग्रणी : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य में अब तक 4 करोड़ 16 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे बिहार इस मामले में देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति द्वारा आद्री के सहयोग से आयोजित 'आयुष्मान मंथन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य के 1230 अस्पताल इस योजना से जुड़े हुए हैं और अब तक 32 लाख से अधिक मरीजों का उपचार इस योजना के तहत किया जा चुका है। इसके लिए 4784 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मानक उपचार दिशा-निर्देशों के पालन और जवाबदेही को और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।



बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य एजेंसियों और अस्पतालों के बीच निरंतर संवाद व सहयोग से मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण तथा पारदर्शी बनाना है। कार्यक्रम में निजी और सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक-संचालक, मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि और विभिन्न जिलों के सिविल सर्जन सहित लगभग 1000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 अस्पतालों को सम्मानित भी किया गया। इनमें सदर अस्पताल बेगूसराय, महावीर कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट और जीवक हार्ट अस्पताल सहित कई संस्थान शामिल हैं। कार्यक्रम में डॉ. आलोक रंजन, डॉ. नीरज कुमार सिंह, शैलेंद्र चंद्र दीवाकर, आलोक कुमार सिंह और आद्री की सदस्य सचिव डॉ. अश्मिता गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने संबंधी सूचना

**नवादा**। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी संदीप भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में फौकानिया (मैट्रिक) परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं तथा इंटर/मौलवी परीक्षा वर्ष 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण केवल छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जानी है। इसके लिए संबंधित छात्र/छात्राओं से आवेदन एवं आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित कागजात जमा करना अनिवार्य है:-

आवेदन पत्र, अंक-पत्र की छायाप्रति, एडमिट कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं निवास प्रमाण-पत्र की छायाप्रति। सभी संबंधित विद्यालयों/मदरसों के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य एवं प्रधान मौलवी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने संस्थानों के शेष पात्र छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए उपर्युक्त सभी कागजात स्व-अभिप्रमाणित कराकर तथा संस्थान प्रमुख से अभिप्रमाणित कराकर स्वयं अथवा संस्थान के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नवादा में अंतिम तिथि 23 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि पात्र छात्र/छात्राओं के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरांत उपलब्ध राशि स्वतः प्रत्यार्पित हो जाएगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर यदि शेष छात्र/छात्राओं के कागजात जमा नहीं किए जाते हैं, तो यह माना जाएगा कि संबंधित संस्थान में कोई पात्र लाभार्थी शेष नहीं है। भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा तथा योग्य छात्र/छात्राओं के योजना से वंचित होने की स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान एवं छात्र/छात्राओं की होगी।


## जनसुनवाई में दर्जनों फरियादियों के आवेदन का हुआ निष्पादन

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 15 मामले आये। इस आशय की जानकारी बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने दी। उन्होंने कहा जिसमे वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 11 लाभुकों ने आवेदन पत्र जमा किये। वही 1 मृत्यु प्रमाण व 3 जन्म प्रमाणपत्र से सम्बंधित मामले आये। सभी आवेदन पत्र को सम्बंधित पंचायत सचिव को अग्रसारित कर जांचोपरांत निष्पादित करने के लिए कहा गया है।

## पीएम मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत दर्जनों महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य जाँच

**नारदीगंज (नवादा )** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित हुई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 17 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून,रक्तचाप,वजन समेत अन्य जांच की। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार, डा.सोनी कुमारी समेत अन्य रहे।

## बापू इंटर विद्यालय में नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू



**कौआकोल**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में सोमवार से कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निर्देश पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त परीक्षा की शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में एक बेंच पर मात्र दो विद्यार्थी के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रखण्ड के अन्य विद्यालयों में भी नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। जो 24 मार्च तक चलेगी।

## बिहटा- अग्निशमन विभाग ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

**पटना**। बिहार में बढ़ती गर्मी और तापमान के मद्देनजर बिहार अग्निशमन विभाग ने पटना के दानापुर अनुमंडल क्षेत्र में जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग से बचाव के तरीकों और सावधानियों के बारे में जानकारी देना था। यह रैली दानापुर अनुमंडल से शुरू हुई और शिवाला चौक, नेउरा गंज, नेउरा बाजार, कन्हौली, बिहटा चौक, बिहटा बाजार होते हुए मनेर और आनंद बाजार तक गई। इस बाइक रैली में अग्निशमन विभाग के सभी कर्मी और अधिकारी शामिल थे। अग्निशमन विभाग के कर्मी सुमन कुमार ने बताया कि इस जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन बढ़ती गर्मी के कारण आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आग लगने की किसी भी घटना की सूचना तुरंत विभाग के सरकारी नंबर 101 या 112 पर दें।रैली के दौरान आग से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। लोगों को सलाह दी गई कि गर्मी के मौसम में सुबह 9 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद ही खाना बनाएं। इसके अतिरिक्त, हमेशा सूती कपड़ों का उपयोग करने का आग्रह किया गया। साथ ही विभाग के तरफ से आग से बचाव को लेकर कई आधुनिक मशीन अब दी गई है, जो अनुमंडल प्रखंड स्तर पर दिया गया है।

# जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में आयोजित हुई जनसुनवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज वरीय उप समाहर्ता, नवादा श्री मनोज चौधरी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान कुछ शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-सिरदला, ग्राम तारण के प्रभु चौधरी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना-सिरदला, ग्राम सिंघौल के सोनू यादव द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में, थाना-हिसुआ, ग्राम हिसुआ की रीता देवी द्वारा बिजली बिल के संबंध में तथा थाना-कौयाकोल, ग्राम छबैल की बच्ची देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इसी क्रम में सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तक चल रहे "बकरी पालन" विषय पर आयोजित पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ सोमवार को हुआ। यह कार्यक्रम पशुपालकों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने ग्रामीण विकास में पशुपालन की भूमिका पर जोर दिया। नाबार्ड के एजीएम और डीडीएम ने पशुपालन के लिए वित्तीय सहायता और बैंक ऋण योजनाओं की जानकारी साझा की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए किसानों को वैज्ञानिक पद्धति अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक रविकांत चौबे,डॉ. शशांक शेखर सिंह,राजेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। कोर्स को-आर्डिनेटर रजत रंजन (विषय वस्तु विशेषज्ञ-पशु विज्ञान) के मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं को बकरियों की उन्नत नस्लों का चयन,वैज्ञानिक आवास प्रबंधन और आहार,प्रमुख बीमारियों से बचाव और टीकाकरण,बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## नए शैक्षणिक सत्र को लेकर मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक बैठक

### मोबाइल और जंक फूड से दूर रखने की अपील



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज**। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं खेल सुविधाओं के लिए विख्यात मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अंतर्गत संचालित एवं नारदीगंज के रामरति नगर में स्थित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्याँ में अभिभावकों ने भाग लिया तथा बच्चों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र की योजनाओं, विद्यालय की कार्यप्रणाली तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात उपस्थित अभिभावकों को मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ.अनुज कुमार सिंह ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में निदेशक महोदय ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा और अनुशासन के प्रति विशेष ध्यान दें तथा विद्यालय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यवहार से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विशेष रूप से अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को जंक फूड से दूर रखें और उन्हें घर का पौष्टिक एवं संतुलित भोजन दें, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके।इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों को यह भी सलाह दी कि बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें, क्योंकि मोबाइल का अधिक उपयोग बच्चों की पढ़ाई और एकाग्रता को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्व-अध्ययन की आदत विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

बैठक के दौरान अभिभावकों ने भी अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, जिनका विद्यालय प्रबंधन ने स्वागत किया। प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों धन्यवाद दिया और यह विश्वास दिलाया कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय प्रबंधन हर संभव प्रयास करता रहेगा। आने वाले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय और अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्याँ में अभिभावक, शिक्षक सोनू कुमार, सुमित कुमार सिंह, श्री नारायण पाठक, रजनीश कुमार, मीडिया प्रभारी शिक्षक प्रत्यूष आनंद, परमानंद कुमार, अमोल कुमार, राहुल कुमार, उपेंद्र कुमार, शिक्षिका अर्चना पाण्डेय, महिमा ख्वाहश, रिचा रुशाली तथा क्लर्क दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## रजौली में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर की गई महत्वपूर्ण बैठक, जनप्रतिनिधि समेत हितधारक रहे मौजूद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



सभागार में बैठक करते बीडीओ व अन्य

**रजौली**। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत रजौली प्रखंड सभागार में बाल विवाह उन्मूलन एवं बाल विवाह मुक्त प्रखंड निर्माण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सह प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिए रजौली प्रखंड में जागरूकता गतिविधियों को तेज किया गया है, जिसमें बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु एवं अन्य हितधारक समूहों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा, जिला परियोजना सहयोगी (ए.वी.ए.) दीपक राणा, कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार, रजौली पश्चिमी के मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हरिमोहन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन और दंडनीय अपराध भी है। कम उम्र में विवाह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने संभावित बाल विवाह की सूचना समय पर प्रशासन तक पहुंचाने और ग्राम स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया।

रजौली पश्चिमी के मुखिया ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समुदाय के संयुक्त प्रयासों से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। इस अवसर पर जिला परियोजना सहयोगी दीपक राणा ने बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों,इसके दुष्परिणामों तथा रोकथाम में विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से इसके खिलाफ जागरूक होकर आगे आने की अपील की। कार्यशाला के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह उन्मूलन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस कार्यशाला में बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सेविकाएं, धर्मगुरु एवं अन्य हितधारक समूहों की सक्रिय सहभागिता रही।

### मुरहेना पंचायत में मुखिया और सचिव के बीच तकरार जारी

## सचिव को हटाने की मांग, वरीय पदाधिकारियों के निर्देश का हो रहा इंतजार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




पंचायत भवन मुरहेना का फोटो

**रजौली**। रजौली प्रखंड के मुरहेना पंचायत में मुखिया और सचिव के बीच तकरार जारी है। पंचायत के मुखिया ईश्वरी प्रसाद ने बीपीआरओ,बीडीओ,डीपीआरओ एवं जिलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सचिव विपिन कुमार पर गम्भीर आरोप लगाया है एवं सचिव को हटाने की मांग की है। मुखिया ईश्वरी प्रसाद का आरोप है कि पंचायत सचिव पंचायत के कार्यों में बिल्कुल रुचि नहीं लेते हैं। पंचायत कार्यालय में सचिव की उपस्थिति प्रतिदिन होनी चाहिए,किंतु वे महीनों में एकाध बार पंचायत कार्यालय आते हैं। पंचायत कार्यालय नहीं आने से मुरहेना पंचायत का कार्य बिल्कुल अवरुद्ध है एवं पंचायत का विकास बिल्कुल नगण्य है। मुखिया ने कहा कि पंचायत सचिव पंचायत का 29000 रुपए गबन कर लिए हैं। साथ ही बताया कि सचिव ने यह राशि पंचायत कार्यालय फोटोकॉपी एवं अन्य उपस्कर खरीदने हेतु लिया था,जिससे आज तक पंचायत कार्यालय में कोई भी उपस्कर नहीं लगाया गया है। मुखिया ने यह भी कहा कि पंचायत में एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि अभी जमा है,जिसे पंचायत सचिव के सहयोग के बिना खर्च नहीं किया जा सकता है। मुखिया ने पंचायत सचिव को हटाने से संबंधित लिखित आवेदन प्रखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक दिया है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :-**
इस संबंध में बीपीआरओ हरिमोहन कुमार ने बताया कि मुरहेना पंचायत के मुखिया और सचिव के बीच थोड़ी अनबन चल रही है। साथ ही बताया कि जिन पैसों के गबन का आरोप सचिव पर लग रहा है,वह बिल्कुल गलत है। पंचायत कार्यालय में आरटीपीएस काउंटर पर उपयोग होने वाले प्रिंटर आदि की खरीदारी सचिव द्वारा की गई है। सचिव को मुखिया की उपस्थिति में कार्यपालक को खरीदे सामग्री को कार्यालय में सुपुर्द करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही कहा कि पंचायत में विकास के विभिन्न कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश के बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# नवादा के 50 किसान सबौर के राष्ट्रीय किसान मेले में होंगे शामिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। ग्राम निर्माण मंडल, नवादा द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र की एक विशेष पहल के तहत जिले के 50 प्रगतिशील किसानों के एक दल को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) भेजा गया है। यह दल वहां आयोजित तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय किसान मेला' में शिरकत करेगा। सोमवार की शाम सोखोदेवरा जेपी आश्रम से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार एवं तकनीकी सहायक भोला कुमार के नेतृत्व में किसानों का दल किसान मेला में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य नवादा के किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है। किसानों का यह दल नवादा जिले के पांच प्रमुख प्रखंडों—नरहट, वारिसलीगंज, नवादा, रोह और कौआकोल से चयनित किया गया है। वैज्ञानिक अंगद कुमार ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में जिले के किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती के विभिन्न आयामों को बारीकी से समझेंगे। भ्रमण पर जा रहे किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सबौर जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में जाने से उन्हें नई तकनीक सीखने का मौका मिलेगा,जिससे वे अपने गांव लौटकर अन्य किसानों को भी जागरूक करेंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह के एक्स्पोज़र विजिट से जिले की कृषि उत्पादकता में सुधार होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# रामनवमी पूजा को लेकर ठाकुरबाड़ी में हुई अहम बैठक, भव्य आयोजन की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



ठाकुरबाड़ी में बैठक करते नगरवासी

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत के बीच बाजार स्थित ठाकुरवाबाड़ी में बीते रविवार की शाम आगामी रामनवमी पूजा एवं शोभायात्रा के सफल व भव्य आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बजरंगदल संयोजक पिंटू वर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा को अत्यंत भव्य, आकर्षक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।आयोजन की सफलता के लिए नई समिति का विधिवत गठन किया गया तथा पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपा गया।

इस वर्ष समिति के अध्यक्ष मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ धन्नू व मनोज बरपुरिया,सचिव पिंटू वर्मा,संयोजक दिलीप कुमार,सह सचिव उमाशंकर प्रसाद उर्फ लड्डू एवं कोषाध्यक्ष वार्ड पार्षद संतोष कुमार वर्मा बनें। वहीं सर्वसम्मति से नवीन कंधवे को रामनवमी पूजा का लाइसेंसी नियुक्त किया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे बाजार क्षेत्र को भगवा झंडा एवं पताकाओं से सजाया जाएगा। साथ ही भव्य झांकी निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी एवं भारत माता की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। शोभायात्रा पूर्व निर्धारित पुराने मार्ग (रूट) से ही निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं प्रशासनिक सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन के उपरांत आय-व्यय का संपूर्ण विवरण सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में रंजन कुमार बब्लू, बंटी सिंह, गौरव शांडिल गगन, वार्ड पार्षद सुमित सिंह, मुकेश वर्मा, रवि सिंह, साजन कुमार, शिपु कुमार, नूनू राजवंशी, रविंद्र यादव, रबो यादव, सुनील कैटरिंग, बम बम, ऋतुराज, समर राज, निशांत कुमार, विनोद आर्या, विजय आर्या, संतोष सिंह नोनू, सुबोध साव,अयोध्या प्रसाद, दिनेश पांडे, उमा शंकर, अमित कुमार, उत्सव कुमार, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक के समापन पर सभी सदस्यों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया तथा क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी से लुधियाना के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन, जंक्शन से 17 मार्च को शाम 4:45 बजे खुलेगी

**गयाजी।** गयाजी से पंजाब जाने वाले लोगों को रेलवे ने बड़ी राहत दी है। यात्रियों की सुविधा के लिए गयाजी जंक्शन से लुधियाना के बीच वनवे अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। 17 मार्च को गाड़ी नंबर रवाना होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन शाम 4:45 बजे गयाजी जंक्शन से खुलेगी। रास्ते में कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए लुधियाना तक जाएगी। खास बात यह है कि यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित(जनरल) होगी। इससे यात्रियों को भी बड़ी सहूलियत मिलेगी। यात्री सामान्य टिकट लेकर इस ट्रेन में सफर कर सकेंगे। इस विशेष ट्रेन में कुल 14 कोच लगाए गए हैं। इनमें 12 जनरल कोच और 2 एसएलआर कोच शामिल है। होली के बाद बिहार से पंजाब की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है। ऐसे में रेलवे की यह पहल यात्रियों के लिए राहत भरी मानी जा रही है। गयाजी से खुलने के बाद गुरारू, रफीगंज, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम जंक्शन, कुदरा, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली जंक्शन, रामपुर जंक्शन, मुरादाबाद जंक्शन, सहारनपुर जंक्शन, अंबाला छावनी और ढंडारी कलां स्टेशनों पर रुकते हुए आगे बढ़ेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि होली के बाद यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, ताकि बिहार से पंजाब की ओर जाने वाले मजदूरों, छात्रों और अन्य यात्रियों को यात्रा में परेशानी न हो। सामान्य टिकट लेकर ही यात्रा करें। क्योंकि यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित श्रेणी में संचालित की जा रही है।

### अनियंत्रित डंपर दुकान में ठोकर मार पलटी, चालक की मौत

**पूर्वी चंपारण।** सुगौली थाना क्षेत्र स्थित मोतिहारी-बेतिया राष्ट्रीय उच्च पथ में श्रीपुर जान चौक पर अनियंत्रित डंपर के पलटने से चालक की मौत हो गई।घटना सोमवार के अहले की सुबह है। पुलिस के अनुसार प्रखंड के उत्तरी श्रीपुर पंचायत के श्रीपुर जान चौक पर सोमवार की सुबह तेज गति से जा रही एक डंपर संतुलन खोकर दुकान में घुस कर दुर्घटना ग्रस्त होकर पलट गई, जिसमें चालक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई।घटना की खबर पर आसपास के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने एसआई शंभु प्रसाद को पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर भेजा।मृतक की पहचान हरसिद्धि थाना के बैरियाडीह निवासी नमी पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान के रूप में हुई है। मृतक निर्माणाधीन सुगौली-हाजीपुर रेल लाइन में मिट्टी व बालू ढोने का काम करता था।घटना की खबर मृतक के परिजनों को मिलते ही उसके परिजन घटना स्थल पर पहुंचे।घटना को देख मृतक के परिजन रोने बिलखने लगे।मृतक तीन बच्चों का पिता था।मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक के परिजनों को लोग समझाने बुझाने में लगे थे। पुलिस ने घटना की जानकारी लोगो से ली।पुलिस आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को अपने कब्जे में लिया और डंपर को जब्त कर लिया।पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। वहीं क्षतिग्रस्त दुकान के मालिक अपनी क्षति को लेकर चिंतित दिखे। थानाध्यक्ष ने बताया कि अग्रिम करवाई की जा रही है।

### एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, भारत–नेपाल सीमा पर 56 किलोग्राम गांजा जब्त

**सुपौल।** भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी सुपौल जिले के कुनौली से बड़ी कार्रवाई करते हुए 56 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई सोमवार को पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान की गई। जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के जिम्मेवारी क्षेत्र अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या 219/30 के समीप मादक पदार्थ की तस्करी की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही एसएसबी के जवानों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया और संदिग्ध स्थान की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान धराा पलार (बीपी संख्या 219/30 के समीप) जमीन में दबे तीन बोरे बरामद किए गए। जब बोरों को खोलकर देखा गया तो उनमें कुल तीन पैकेट मादक पदार्थ मारिजुआना (गांजा) मिला, जिसका कुल वजन लगभग 56 किलोग्राम पाया गया। एसएसबी द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए थाना कुनौली, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल के सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार सहित अन्य जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### युवती हत्याकांड का खुलासा,एक अपराधी गिरफ्तार,प्रेम प्रसंग विवाद में हुई थी हत्या

**सहरसा।** जिले में सलखुआ थाना क्षेत्र के कोपरिया बहियार में बीते 8 मार्च को गोली मारकर हुई युवती हत्या कांड के घटना का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। एसपी हिमांशु के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने घटना में शामिल अप्राथमिकी के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिनके निशानदेही पर उनके घर से एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया। घटना का कारण युवती से प्रेम प्रसंग में हो रहे विवाद को बताया जा रहा है। सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि बीते 8 मार्च को जिला के सलखुआ थाना क्षेत्र स्थित बहियार में युवती के शव बरामद होने की सूचना मिली थी। उक्त युवती की गोली मारकर हत्या की गई थी। उनके पिता की शिकायत पर सलखुआ थाना कांड संख्या - 40/26 दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी हिमांशु के निर्देश पर डॉग स्क्वायड की टीम, एफएसएल की टीम और डीआईयू की टीम को घटनास्थल पर भेज कर साक्ष्य का संकलन किया गया था। फिर एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई थी। जिसमें सिमरी बख्तियारपुर इंस्पेक्टर मो सिराजुद्दीन, सलखुआ थाना अध्यक्ष संजना कुमारी, पुलिस अवर निरीक्षक स्वीटी कुमारी, बबलू कुमार और दीपक कुमार के साथ पुलिस बल को शामिल किया गया था। जिसने मानवीय और तकनीकी सूचना के आधार पर घटना में शामिल अप्राथमिकी के एक अभियुक्त सलखुआ थाना क्षेत्र के कोपड़िया गांव, वार्ड नंबर - 3 निवासी फतिंगन यादव के पुत्र भूपेन यादव को गिरफ्तार की गई है। जिनके निशानदेही पर उनके घर में छिपा कर रखे एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया।

# इमामगंज पुलिस अनुमंडल कार्यालय का सिटी एसपी ने किया औचक निरीक्षण

## लंबित कांडों के निष्पादन व कानून-व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**इमामगंज।** गयाजी जिले के सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने सोमवार को इमामगंज पुलिस अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव और क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कई अहम दिशा-निर्देश भी दिए। सिटी एसपी ने पदाधिकारियों और विभिन्न थानों के थानाध्यक्षों को लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका त्वरित समाधान किया जाए, ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के प्रति सजग, अनुशासित और तत्पर रहें। साथ ही क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने अभिलेखों के संधारण की भी जांच की और पुलिस कार्यशैली को और अधिक प्रभावी व व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर डीएसपी कमलेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर वीरेंद्र पासवान, इमामगंज थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष पवन कुमार, बोधि बिगहा थाना अध्यक्ष प्रियनंदन आलोक, डुमरिया थाना अध्यक्ष राजू कुमार, भदव थाना अध्यक्ष सचिन कुमार सहित इमामगंज पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सिटी एसपी कोटा किरण कुमार।

# गयाजी जंक्शन पर पिता-पुत्र गिरफ्तार, 30.75 लीटर शराब बरामद

## हरियाणा से बाल्टी में छिपाकर लाई जा रही थी खेप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। 30.75 लीटर शराब के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। 1200 किलोमीटर दूर हरियाणा से बाल्टी में पैक कर शराब लाई जा रही थी। आरोपियों की पहचान नवादा जिले के अफसर गांव निवासी रामानुज सिंह(50) और कन्हैया कुमार(30) के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत स्टेशन परिसर में निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। आरपीएफ, सीडीएस टीम, सीआईबी और जीआरपी की संयुक्त टीम संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। जांच टीम प्लेटफॉर्म संख्या-7 पर पहुंची।

दो लोग संदिग्ध हालत में खड़े दिखाई दिए। दोनों के पास दो पिट्ठू बैग और तीन पैक्ड बाल्टियां थीं। टीम को उन पर शक हुआ। दोनों को रोककर पूछताछ की गई। बैग और बाल्टियों की जांच की। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। बोतलों पर 'सेल फॉर हरियाणा' लिखा था।

**केस दर्जकर जांच में जुटी रेल पुलिसः** जांच अधिकारियों के अनुसार खेप हरियाणा से लाई गई थी। अनुमानित कीमत करीब 32,500 रुपए है। मौके पर ही पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना को सौंप दिया गया। इस मामले में जीआरपी थाना में कांड संख्या 71/26 दर्ज किया गया है। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि शराबबंदी कानून के तहत रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। तस्करों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# नालंदा में प्रोजेक्ट मैनेजर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** नालंदा के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहगानी मोहल्ले में रहने वाले शख्स ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान 37 साल के आशीष रंजन के रूप में की गई है, जो मूल रूप से मुजफ्फरपुर के अहियापुर के कोलवा निवासी ओम प्रकाश विश्वकर्मा का बेटा था। आशीष रंजन पिछले दो वर्षों से बिहार शरीफ में 'आनंद ट्रांसफार्मर प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी में बतौर प्रोजेक्ट मैनेजर कार्यरत था और अपने सहकर्मियों के साथ किराए के मकान में रहता था।

घटना की जानकारी तब हुई जब सोमवार सुबह काफी देर तक आशीष ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। मृतक के पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे मेरी आशीष से सामान्य बात हुई थी, जिसमें उसने खाना खाने जाने की बात कही थी।

सोमवार सुबह जब परिजनों ने उसे फोन किया और फोन नहीं उठा, तो उन्होंने साथ रहने वाले स्टाफ को जानकारी दी। स्टाफ द्वारा काफी दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब जाकर घटना का खुलासा हुआ।

**पिता ने कहा- काम को लेकर दबाव में था, पत्नी से ये सब शेयर किया थाः** मृतक के पिता ने बताया कि आशीष काम को लेकर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। आशीष अपनी पत्नी से अक्सर काम के अत्यधिक दबाव और कंपनी के प्रेशर की बात साझा करता था। वह अपने पीछे एक छोटा बेटा और भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। उधर, बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया। बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल (मॉडल अस्पताल) भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि क्या आत्महत्या का कारण केवल काम का तनाव था या कोई अन्य पहलू भी है।

# महिला की हत्या कर लाश गंगा में बहाया आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** नालंदा जिले के इस्लामपुर में एक शख्स ने अपनी पत्नी की बेहरमी से हत्या के बाद शव को गंगा में बहा दिया। वारदात के खुलासा तब हुआ, जब महिला के पिता ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई। महिला के पिता की ओर से मामला दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने शक के आधार पर उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की और जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के बाद एक सीसीटीवी पुलिस के हाथ लगा, जिसके बाद सख्ती बरतने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

मृतका की पहचान 30 साल की कांति देवी, जबकि आरोपी पति की पहचान 35 साल के अंतेश कुमार के रूप में की गई है। आरोपी अंतेश कुमार की ओर से जुर्म कबूल किए जाने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

**हत्या के बाद फतुहा में गंगा में बहाई थी लाशः** पूछताछ में आरोपी पति ने पुलिस को बताया कि उसने वारदात को अंजाम देने के बाद पत्नी की लाश को फतुहा लेकर पहुंचा और यहां गंगा में लाश को बहा दिया। उधर, मृतका कांति देवी के पिता जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र के देवचंद बिगहा के रहने वाले योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि मैंने 13 मार्च को इस्लामपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि साल 2012 में कांति की शादी चुलहन बिगहा के रहने वाले अंतेश कुमार से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। योगेंद्र प्रसाद के मुताबिक, करीब चार महीने पहले यानी दिसंबर में समझौते के बाद कांति अपने ससुराल आई थी, लेकिन कुछ दिनों से संपर्क न होने पर जब पिता चुलहन बिगहा पहुंचे, तो ससुराल वालों ने बताया कि वो भाग गई है। संदेह होने पर पिता ने पुलिस की शरण ली।

**सीसीटीवी फुटेज ने खोली पोलः** हिलसा डीएसपी-2 कुमार ऋतुराज ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वैज्ञानिक एवं पारंपरिक अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस ने जब अंतेश कुमार को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। अंतेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी से तंग आ गया था, इसलिए उसने अपने बहनोई के साथ मिलकर फतुहा में उसकी हत्या कर दी और शव को गंगा में फेंक दिया। पुलिस को फतुहा के मस्ताना घाट के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी और मृतका के फुटेज भी मिले हैं, जो अपराध की पुष्टि करते हैं।

**◆ कहा- पत्नी की हरकतों से परेशान हो गया था**


**विवाद और प्रताड़ना का पुराना इतिहासः** डीएसपी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। वर्ष 2024 में कांति देवी ने पति के खिलाफ प्रताड़ना का केस भी दर्ज कराया था। डीएसपी ने बताया कि आरोपी पति ने स्वीकार किया है कि आपसी कलह और शक के चलते उसने इस जघन्य कांड को अंजाम दिया। पुलिस ने इस्लामपुर थाना कांड संख्या 95/26 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कांड के उद्भेदन में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, अपर थानाध्यक्ष राम कुमार पाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल पुलिस शव की बरामदगी और सह-आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# 24 घंटे में लापता छात्र बरामद, गयाजी से मिला उज्जवल राज

## एसएसपी के निर्देशन व एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, थाना प्रभारी पावन कुमार की रही अहम भूमिका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के कनौदा गांव से लापता हुए सातवीं कक्षा के छात्र उज्जवल राज उर्फ अजनबी को इमामगंज पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। बच्चे को गयाजी से बरामद किया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों समेत पूरे इलाके में राहत और खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार 14 मार्च को कनौदा गांव निवासी उज्जवल राज गांव के समीप स्थित उजियार बहेरा विद्यालय के पास अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।इसके बाद बच्चे के फूफा सुधीर कुमार ने अपहरण की आशंका जताते हुए इमामगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए बच्चे की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की और संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू कर दी। यह पूरी कार्रवाई गया के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन



बरामद बच्चा उज्जवल राज की फाइल फोटो

तथा इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस की लगातार दबिश और सक्रियता के कारण सोमवार को सूचना मिली कि बच्चा गयाजी में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां पहुंचकर उज्जवल राज को सकुशल बरामद कर लिया।

बताया जाता है कि इस पूरे अभियान में इमामगंज थाना प्रभारी सह थानाध्यक्ष पावन कुमार की अहम भूमिका रही। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार दबिश दी और सक्रियता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित बरामद करने में सफलता हासिल की। इस संबंध में सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि पुलिस की तत्परता से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर जैसे ही बच्चे के सकुशल बरामद होने की खबर परिजनों और सोशल मीडिया के माध्यम से इलाके में पहुंची, लोगों ने राहत की सांस ली और परिजनों ने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सार्थक, आरुषि, अंकित ने जीते गोल्ड मेडल, दो दिवसीय महाकुंभ में 600 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 12वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर ऑटिज्म और 21वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर सीपी (सेरेब्रल पाल्सी) का आयोजन किया गया। 14 और 15 मार्च को आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नालंदा के छह खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए और जिले का गौरव बढ़ाया। नालंदा ऑन स्पॉट संगठन के सचिव कुंदन कुमार पांडेय ने बताया कि हरनौत क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। चेरो गांव निवासी गरीबन साव की पुत्री आरुषि ने सब-जूनियर महिला वर्ग की 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर सबको प्रभावित किया। इसके साथ ही आरुषि ने सॉफ्ट बॉल थ्रो स्पर्धा में रजत पदक (सिल्वर मेडल) भी हासिल किया।

वहीं, सार्थक राज ने सॉफ्टबॉल थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि दौड़ में उन्हें कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) से संतोष करना पड़ा। सीनियर पुरुष वर्ग में अंकित ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए सॉफ्टबॉल थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर जिले की झोली में एक और सफलता डाल दी।

**विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानितः** इस दो दिवसीय महाकुंभ में देश के 19 राज्यों से आए लगभग 600 दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। खिलाड़ियों के बीच दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और अन्य ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। समापन समारोह के अवसर पर खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रतियोगिता की पदक तालिका में मेजबान बिहार ने अपना दबदबा कायम रखा। बिहार कुल 37 स्वर्ण, 52 रजत और 28 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बनकर शीर्ष स्थान पर रहा। पदक तालिका में गुजरात ने दूसरा और तमिलनाडु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नालंदा में मेधावी छात्रों को 23 मार्च तक अल्टीमेटम, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, 164 स्टूडेंट्स ने अब तक नहीं किया दावा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2025 में प्रथम श्रेणी से पास होने वाले स्टूडेंट्स के लिए अंतिम चेतावनी जारी की गई है। जिले के 164 मेधावी विद्यार्थियों ने अब तक प्रोत्साहन राशि के लिए अपना दावा पेश नहीं किया है, जिसे लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने कड़ा अल्टीमेटम दिया है। छात्रों को आगामी 23 मार्च 2026 तक हर हाल में आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में जमा कराना होगा। अगर इस समय सीमा के अंदर आवेदन नहीं किया, तो वित्तीय वर्ष की समाप्ति के साथ ही छात्रवृत्ति की पूरी राशि वापस हो जाएगी। पात्र छात्र योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे।

योजना के विवरण के अनुसार, जिले में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में राशि भेजी जा चुकी है, लेकिन अब भी दर्जनों विद्यार्थी इस प्रक्रिया से दूर हैं। नियमों के मुताबिक फौकानिया(बिहार स्टेट मदरसा एजुकेशन बोर्ड) में प्रथम श्रेणी से पास होने वाले छात्र और छात्राओं दोनों को इस योजना का लाभ मिलता है, जबकि इंटर और मौलवी परीक्षा में यह प्रोत्साहन राशि केवल प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को ही दी जाती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इंटर पास करने वाली कुल 660 छात्राओं में से 604 ने आवेदन कर दिया है, जबकि 56 छात्राओं का आवेदन अब भी लंबित है। इसी तरह, मौलवी परीक्षा में सफल 133 छात्राओं में से 104 के कागजात विभाग को मिल चुके हैं और 29 छात्राओं का आवेदन आना बाकी है। इन दोनों श्रेणियों में छात्राओं को 15-15 हजार रुपये की राशि मिलनी है। वहीं, फौकानिया में 10 हजार रुपये की राशि के लिए कुल 362




मेधावियों में से 283 के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और 79 विद्यार्थियों का क्लेम आना अभी शेष है।

**मौलवी परीक्षा में सफल 104 छात्रों ने दिया आवेदनः** आंकड़ों पर नजर डालें तो इंटर पास करने वाली कुल 660 छात्राओं में से 604 ने आवेदन कर दिया है, जबकि 56 छात्राओं का आवेदन अब भी लंबित है। इसी तरह, मौलवी परीक्षा में सफल 133 छात्राओं में से 104 के कागजात विभाग को मिल चुके हैं। इन दोनों श्रेणियों में छात्राओं को 15-15 हजार रुपए की राशि मिलनी है। वहीं, फौकानिया में 10 हजार रुपए की राशि के लिए कुल 362 मेधावियों में से 283 के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और 79 विद्यार्थियों का क्लेम आना अभी शेष है।

**23 मार्च के बाद दावा मान्य नहीं:** जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने सख्त लहजे में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति करीब है और 23 मार्च के बाद किसी भी परिस्थिति में कोई नया दावा मान्य नहीं होगा। अगर शिक्षण संस्थान या छात्र समय पर कागजात जमा करने में लापरवाही बरतते हैं, तो विभाग यह मान लेगा कि अब कोई भी योग्य लाभुक शेष नहीं है। भविष्य में योजना से वंचित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित स्कूल या मदरसे के प्रधान और खुद छात्र-छात्राओं की होगी। आवेदन की प्रक्रिया को लेकर विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी दस्तावेजों पर छात्र-छात्रा का स्व-अभिप्रमाणित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, जिसे बाद में संस्थान के प्रधान से भी अभिप्रमाणित कराना होगा।

लाभार्थियों को आवेदन के साथ अंक पत्र, एडमिट कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड और निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ मूल आवेदन पत्र जमा करना होगा। छात्र इन कागजातों को स्वयं या अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। समय रहते आवेदन न करने पर मेधावी छात्रों के पास हाथ मलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में अपराधी बेखौफ, पत्नी के सामने पति को गोलियों से भूना

**कैमूर, एजेंसी।** बिहार के कैमूर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. अपराधी ने पत्नी के सामने पति को गोलियों से छलनी कर दिया. घटना जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के महिला गांव की है. दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या से इलाके में दहशत का माहौल है. मृतक की पहचान विष्णु कांत मिश्रा (55) के रूप में हुई है. तीन गोलियां मारी : स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विष्णु कांत मिश्रा को तीन गोलियां मारी गई. एक गाल में, एक सीने में और एक गोली पीठ लगी है. यह घटना उस समय हुई जब मृतक अपनी पत्नी को उसके मायके भेजने के लिए ऑटो में बैठा रहा था. पत्नी के पिता का हाल ही में निधन हुआ था, इसलिए मायके भेज रहे थे. पत्नी के सामने मारी गोली : पत्नी को ऑटो में बैठा रहा था तभी उसे गोली मार दी गयी. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. मृतक के भाई ने बताया कि साजिश के तहत गोली मारी गई है. उन्होंने गांव के ही अमित कुमार दुबे पर हत्या करने का आरोप लगाया है. पुलिस से मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है. छापेमारी कर रही पुलिस : इस मामले पर मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कुढ़नी थाना क्षेत्र के महिला गांव में अमित कुमार दुबे ने विष्णु कांत मिश्रा की गोली मारकर हत्या की दी है. हालांकि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

### जिलाधिकारी ने बनमनखी अस्पताल प्रभारी को पद से हटाया

**पूर्णिया , एजेंसी।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए अश्लील डांस वीडियो मामले में पूर्णिया जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए बनमनखी अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रिंस कुमार सुमन को उनके पद और वित्तीय प्रभार से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है। साथ ही, वीडियो में दिख रही एएनएम के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की गई है। वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। आधिकारिक के अनुसार, डॉ. प्रिंस कुमार सुमन द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया, जिसके बाद जिला प्रशासन ने उसे अस्वीकृत कर दिया। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला देते हुए जिलाधिकारी ने इस नैतिक पतन और अनुशासनहीनता के विरुद्ध सख्त कदम उठाए हैं। कार्रवाई के तहत डॉ. प्रिंस कुमार सुमन को बनमनखी अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी पद से हटाकर अब बी-कोठी में केवल चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। उनके पास अब कोई प्रशासनिक या वित्तीय शक्ति नहीं रहेगी। वहीं, मामले में संलिप्त एएनएम को सीएचसी बैसा में योगदान करने का कड़ा आदेश दिया गया है। मामला यहीं शांत नहीं हुआ है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने सिविल सर्जन, पूर्णिया को निर्देशित किया है कि दोनों दोषियों के विरुद्ध प्रपत्र-क गठित किया जाए। इसे अंतिम अनुमोदन और कठोर विभागीय कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग, पटना को भेजा जा रहा है। बता दें कि बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें डॉ. प्रिंस कुमार सुमन एक एएनएम के साथ जाम छलकाते और आपत्तिजनक स्थिति में डांस करते नजर आए थे। हालांकि डॉक्टर ने महिला को अपनी साली बताकर बचाव की कोशिश की थी, लेकिन सार्वजनिक पद की गरिमा के उल्लंघन के आरोप में प्रशासन ने उनकी दलीलों को खारिज कर दिया। वहीं इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### गयाजी में परीक्षा देने आए 2 छात्रों को रौंदा

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार के 3 अलग-अलग जिलों में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। 5 गंभीर रूप से घायल हैं। ताजा मामला गयाजी से है, जहां सिविल कोर्ट अटेंडेंट की परीक्षा देने आए 2 छात्रों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, भोजपुर में अनियंत्रित कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों की हालत नाजुक है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह ओवरब्रिज के पास की है। इधर, जमुई में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो करीब 20 फीट आगे घसीटाते हुए सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। गयाजी में सिविल कोर्ट अटेंडेंट का एग्जाम देने आए 3 छात्रों को ट्रक ने रौंदा। मृतक की पहचान भोजपुर के भसडरा निवासी आशुतोष कुमार(25) और मुजफ्फरपुर के रमेश कुमार(27) के तौर पर हुई है। आरोपी ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। स्थानीय निवासी जीतन साह ने बताया, 'दोनों छात्र एग्जाम सेंटर का पता कर रहे थे। इस बीच अचानक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर ने पहले ठेले में टक्कर मारी, फिर पास खड़े दोनों युवकों को रौंद दिया। ठेले पर खाने पीने का सामान तैयार किया जा रहा था। सारा सामान भी बर्बाद हो गया।' जीतन साह कहना है कि ड्राइवर नशे की हालत में था। टक्कर मारने के बाद सड़क पर लेट गया। मामले की सूचना पर कोतवाली इंस्पेक्टर धनंजय सिंह मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा गया है।

# कांग्रेस और आरजेडी के विधायक वोटिंग के दिन गायब




**पटना, एजेंसी।** बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को वोटिंग हो रही है. एनडीए के पांच और विपक्षी दल आरजेडी का एक प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. विधायकों ने वोट कास्ट करना शुरू कर दिया है. इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है जिसने महागठबंधन की चिंता बढ़ा दी है. कांग्रेस के 2 विधायकों और आरजेडी के एक विधायक का पता नहीं चला है.

वोटिंग के लिए नहीं पहुंचे ये तीन विधायकः पूर्वी चंपारण के ढाका विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक फैसल रहमान वोटिंग के लिए अब तक नहीं पहुंचे हैं. वहीं कांग्रेस पार्टी के फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास और वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा अब तक विधानसभा नहीं पहुंचे हैं. उनका मोबाइल फोन भी नॉट रिचेबल आ रहा है.

ह्ठ दे रही है ऑफरः कांग्रेस विधायक अबिदुर रहमान ने राज्यसभा चुनाव पर कहा, 'एक सीट पर हमारी जीत होगी, महागठबंधन की जीत होगी. कोई नाराज नहीं है. ह्ठ के सदस्य उन्हें परेशान कर रहे हैं, उन्हें ऑफर दिया जा रहा है. '

'हम लोग एकजुट होकर जा रहे हैं. शाम 6 बजे तक का इंतजार कीजिए, ए.डी. सिंह राज्यसभा जाएंगे. '- कमरुद्दीन होदा,कांग्रेस विधायक

41 विधायकों के समर्थन का कांग्रेस का दावाः वहीं कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन ने कहा, 'हमारे पास महागठबंधन से जुड़े विपक्ष के 41 विधायकों का समर्थन है. निश्चित रूप से, अगर हम जीतते हैं, तो यह सीट हमारी है और इसे अपने पास बनाए रखना हमारा संवैधानिक अधिकार है. परिस्थितियां भी हमारे साथ हैं. '

तेजस्वी यादव ने क्या कहाः बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राज्यसभा चुनाव पर कहा, 'हम लोग आश्वस्त हैं. आंकड़े हमारे पक्ष में हैं. ढ्ढस्ढ्ढरू और क्चस्क्क के साथियों ने हम लोगों का समर्थन किया है, तो संख्या 41 हो गई है.

## एनडीए के पांचों उम्मीदवार को अग्रिम बधाई..', राज्यसभा के लिए वोटिंग के बीच एनडीए का दावा

पटना, एजेंसी।बिहार में पांच राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग जारी है. एनडीए के नेताओं ने पांचों सीट पर जीत दावा किया है. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट हैं. हम पांचों सीट जीत रहे हैं. वहीं, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने सभी उम्मीदवारों के जीत की अग्रिम बधाई दी है तो, ललन सिंह ने कहा है कि इंतजार कीजिए गिनती पूरी होने तक का पांचों सीट पर कब्जा एनडीए का होगा.

एनडीए एकजुटः उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा पूरी तरह एनडीए एकजुट है. एनडीए के लोगों ने सभी अपने पांचो उम्मीदवारों को जीताने के लिए संकल्पित हैं. लगभग सभी ने अपना मतदान कर लिया है. एक दो लोग बचे हैं, वह भी मतदान कर लेंगे. हमारे सभी पांचों उम्मीदवार चुनाव जीत रहे हैं. जब पूछा गया कि कांग्रेस के विधायक नहीं पहुंच रहे हैं तो उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के विधायक बताएंगे. उम्मीदवारों को अग्रिम बधाईः बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं अपने सभी उम्मीदवारों को अग्रिम बधाई दे रहा हूं. उपेंद्र कुशवाहा जी, शिवेश राम जी, नीतीश कुमार जी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी, रामनाथ ठाकुर जी सभी को मैं अग्रिम बधाई देता हूं. हमारे गठबंधन की बहुत प्रभावी और प्रमाणित जीत हो रही है.

'कुछ लोग कांग्रेस को खोज रहे': रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग कांग्रेस को खोज रहे हैं. तो क्या कांग्रेस के नेता अपने बिहार के पार्टी के नेताओं को खोजते हैं मैं तो सांसद हूं मुझे बताया गया है कि यहां कांग्रेस के विधायक दल का नेता नहीं है ना कोई सचेतक है. जिस पार्टी का यह हाल हो उसके बारे में क्या कहना. 100% से ज्यादा जीत सुनिश्चितः एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मैं अपनी जीत पर कुछ नही बोलूंगा, लेकिन पांचों के पांचों एनडीए के उम्मीदवार जीत रहे हैं. सभी 100% से ज्यादा सुनिश्चित है. 5:00 बजे तक का इंतजार कीजिए कुछ घंटे में सब कुछ साफ हो जाएगा. केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि बिहार के राज्यसभा के पांचों सीटों को हम लोग जीतने जा रहे हैं.

5 राज्यसभा सीट के लिए वोटिंगः बिहार में 5 राज्यसभा सीट के लिए वोटिंग हो रही है. पांच सीटों के लिए 6 उम्मीदवार हैं. इसमें एनडीए के 5 और महागठबंधन के एक उम्मीदवार मैदान में हैं. एक सीट जीतने के लिए उम्मीदवार को 41 विधायकों की वोट की जरूरत है.

## आंकड़े हमारे साथ.. 41 वोट पक्के', राज्यसभा चुनाव के मतदान के बीच तेजस्वी यादव का दावा

**पटना, एजेंसी।** बिहार की पांच सीटों पर राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है. बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव मतदान करने के लिए विधानसभा पहुंचे. इस बीच उन्होंने दावा किया कि, हम लोग निश्चिंत हैं. आंकड़े हम लोगों के साथ हैं. ढ्ढस्ढ्ढरूऔर बीएसपी ने हमारा समर्थन किया है.

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्यसभा चुनाव पर कहा, 'चुनौती बड़ी थी हमें 6 वोटों की जरूरत थी और भारतीय जनता पार्टी को 3 वोटों की. फिर भी, एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी के लोगों ने अपना समर्थन दिया.' अब तक महागठबंधन के तीन विधायक अब तक वोट देने नहीं पहुंचे हैं. राष्ट्रीय जनता दल के ढाका विधायक फैसल रहमान नहीं पहुंचे हैं और उनका मोबाइल स्विच ऑफ है. इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के बाल्मीकि नगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा और फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास के मतदान करने नहीं पहुंचे हैं. एडी सिंह को जीता पाएंगे तेजस्वीः आरजेडी कैंडिडेट अमरेंद्र धारी सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजने के लिए तेजस्वी यादव खूब पसीन बहा रहे हैं. समर्थन के लिए उन्होंने एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान की इफ्तार पार्टी में भी शामिल हुए. उनको एआईएमआईएम के 5 विधायक का तो सपोर्ट मिल गया लेकिन अपने ही कई विधायक गायब हो गए हैं.

## जमुई में किसान की गोली मारकर हत्या, बेड पर खून से लथपथ पड़ा मिला शव



**जमुई, एजेंसी।** बिहार के जमुई में किसान की बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह सो रहा था. घटना जमुई टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगमा गांव के पैनपुरवा गांव की है. पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है. किसान की बेरहमी से हत्याः मृतक की पहचान 55 वर्षीय किसान गणेश रावत के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि गणेश का नया मकान बन रहा है. उसी जगह पर वह रात में पत्नी के साथ सोया करता था लेकिन रविवार को पोते की तबीयत खराब होने के कारण पत्नी पुराने घर में ही सो गई थी. गणेश अकेले ही उस निर्माणाधीन घर में सोया था.

रात को सोने के दौरान मारी गोलीः सुबह जब पत्नी नए मकान पर पहुंची तो देखा दरवाजा लगा था और पति अंदर ही हैं. आमतौर पर वह हर दिन सुबह ही उठकर खेत में काम करने चले जाते थे. दरवाजा खोलकर जब अंदर गई तो देखा कि पति की मौत हो चुकी है.

मृतक की पत्नी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी दौड़े-दौड़े वहां पहुंचे. जिस हाल में गणेश रात में सोया थी, उसी हाल में उसका शव पड़ा था. उसके सिर में नजदीक से गोली मारी गई थी. गणेश रावत के तीन बेटे हैं. दो बाहर रहकर काम करते हैं, जबकि तीसरा जमुई में ही घर पर रहकर टेम्पो चलाता है. वहीं, बेटी की शादी हो चुकी है.

तफ्तीश में जुटी पुलिसः वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात शुरू कर दी है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है. एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि मृतक के सिर पर बड़े जख्म के निशान हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा.

# खानाबदोश की जिंदगी जी रहीं महिलाओं के तंबू से मिला खजाना

## ट्रेन यात्रियों को निशाना बनाने वाली महिला स्नैचर गैंग का बड़ा खुलासा हुआ, 4 अरेस्ट



**मुंगेर, एजेंसी।** जिले के जमालपुर में ट्रेन यात्रियों को निशाना बनाने वाली महिला स्नैचर गैंग का बड़ा खुलासा हुआ है. आरपीएफ,जीआरपी और सीआईबी की संयुक्त कार्रवाई में चार महिला स्नैचर गिरफ्तार की गई हैं. हैरानी की बात ये है कि ये महिलाएं ट्रेन में सफर करने वाली महिलाओं को ही टारगेट बनाती थीं और मौका मिलते ही गले से मंगलसूत्र और जेवर झपट लेती थीं.

महिलाओं से झपट लेती थीं मंगलसूत्रः पुलिस ने इनके तंबू से करीब 5 लाख रुपये नकद,100 ग्राम सोने के जेवरात,500 ग्राम चांदी के आभूषण और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं. बताया जा रहा है कि ये महिलाएं खानाबदोश की तरह तंबू में रहकर ट्रेनों में छिनतई की वारदात को अंजाम देती थी. भागलपुर के बाद जमालपुर में आरपीएफ और जीआरपी को ट्रेन स्नैचिंग के मामले में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है.

11 मार्च को इंटरसिटी एक्सप्रेस में छिनतईः दरअसल मामला जमालपुर रेलवे स्टेशन से जुड़ा है. 11 मार्च को इंटरसिटी एक्सप्रेस से पटना जा रही एक महिला यात्री का मंगलसूत्र अचानक गले से गायब हो गया. महिला ने शक जताया कि उसके पास खड़ी दो महिलाओं ने ही यह वारदात की है.

**12 मार्च को सीसीटीवी की जांचः** 12 मार्च को जब पीड़िता पटना से लौटी तो उसने जमालपुर आरपीएफ को इसकी जानकारी दी. शिकायत मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और सीआईबी की संयुक्त टीम बनाई गई और स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए.

**दोबारा बड़ी घटना को अंजाम देने की थी योजनाः** फुटेज में सचमुच दो संदिग्ध महिलाएं उस समय प्लेटफॉर्म पर दिखाई दीं. इसके बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई. इसी बीच सूचना मिली कि वही संदिग्ध महिलाएं दोबारा इंटरसिटी एक्सप्रेस में देखी गई हैं.

**तंबू से मिला कैश, सोना और मोबाइलः** टीम ने उनका पीछा किया और पता चला कि वे सभी मुंगेर जिले के कासिमबाजार थाना क्षेत्र के बाजार समिति इलाके में तंबू लगाकर खानाबदोश की तरह रह रही हैं. कासिमबाजार थाना पुलिस और महिला पुलिस बल के साथ जब टीम के द्वारा वहां छापेमारी की गई, जहां के तंबू से करीब 5 लाख रुपये नकद, 100 ग्राम सोने के जेवरात, 500 ग्राम चांदी के आभूषण और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

**4 महिलाएं गिरफ्तारः** पुलिस ने ट्रेन में छिनतई और चोरी के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया. इनमें से दो महिलाएं झारखंड के जामताड़ा की रहने वाली हैं, जबकि दो मुंगेर की बताई जा रही हैं. आरपीएफ के एएससी हीरा प्रसाद सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में जमालपुर-भागलपुर और बांका रूट की ट्रेनों में छिनतई और चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं.

# बिहार में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान ये क्या हो रहा है तेजस्वी से मिलीं मांझी की बहू और समधन



**पटना, एजेंसी।** बिहार में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान कांग्रेस के दो विधायक (सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा और मनोज विश्वास) और आरजेडी के एक विधायक (फैसल रहमान) गायब थे. इस बीच एनडीए में भी एक अलग ही चर्चा शुरू हो गई है. दरअसल केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की समधन ज्योति मांझी और बहू दीपा मांझी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के केबिन से बाहर निकलतीं नजर आईं.

**तेजस्वी से मिलीं मांझी की बहू और समझन!:** एक तरफ विधानसभा में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग जारी है. वहीं दूसरी तरफ मांझी की समधन और बहू, तेजस्वी यादव के कमरे से बातचीत करके बाहर निकलती नजर आईं हैं. उनके पीछे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान और आरजेडी के राज्यसभा उम्मीदवार एडी सिंह भी कमरे से बाहर निकलते कैमरे में कैद हुए हैं.

गलती से चले गए थेः ज्योति मांझी दीपा मांझी की तेजस्वी से बातचीत से सियासी गलियारे में खलबली मची है. हालांकि इसपर सफाई देते हुए दीपा मांझी और ज्योति मांझी ने कहा है कि दोनों गलती से तेजस्वी यादव के चैंबर में चली गई थीं.

**मुलाकात के तीन एंगलः** बताया जा रहा है कि मतदान शुरू होने से पहले ही ज्योति मांझी और दीपा मांझी विधानसभा पहुंचीं. इस दौरान कुछ देर के लिए दोनों तेजस्वी यादव से मुलाकात करने उनके कमरे में पहुंचीं. कुछ मिनटों की बातचीत के बाद दोनों कमरे से एक के बाद एक मुस्कुराते हुए बाहर आईं. इस मुलाकात के बाद चर्चाएं अब दोनों खमों में शुरू हो गई है. सियासी गलियारे में चर्चा इस बात को लेकर भी है कि मांझी नाराज चल रहा हैं. वहीं कुछ लोग इसे शिष्टाचार मुलाकात करार दे रहे हैं. वहीं हम इसे भूल करार देने में लगा है.

**5 बजे से वोटों की गिनती :** बता दें कि देश में 10 राज्यों के 37 राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग हो रही है. बिहार में 5 सीटों की लिए मतदान हो रहा है. इसके लिए बिहार विधानसभा में मतदान केंद्र बनाया हया है.

# अनंत सिंह का बड़ा ऐलान, कहा- 'अब नहीं लड़ेंगे चुनाव.. बाल-बच्चा लड़ेगा'



**पटना।** बिहार में राज्यसभा के 5 सीटों के लिए मतदान हो रहे हैं. मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह जेल से वोट करने के लिए पहुंचे. विधानसभा में वोट करने के बाद आनंत सिंह ने मीडिया के सामने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे.

'यह मेरा अंतिम चुनाव था': अनंत सिंह ने एकबार विधानसभा में कहा था कि नीतीश कुमार जब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे. अब नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं तो ऐसे में इस बयान को एकबार फिर अनंत सिंह ने विधानसभा में मीडिया से बातचीत में दोहराया. कहा कि 'यह मेरा अंतिम चुनाव था. इसके बाद मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा. अब बाल-बच्चा चुनाव लड़ेगा. '

कौन बनेगा मुख्यमंत्रीः नीतीश कुमार के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, क्या निशांत को मुख्यमंत्री बनाएंगे इसपर अनंत सिंह ने कहा कि यह नीतीश कुमार तय करेंगे. बीजेपी का सीएम होगा तो क्या आप स्वीकार करेंगे इसपर अनंत सिंह ने कहा कि सब स्वीकार है. किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है. इसके बाद अनंत सिंह पुलिस की गाड़ी में बैठकर जेल के लिए रवाना हो गए.

हत्या मामले में जेल में हैं अनंत सिंहः अनंत सिंह विधानसभा चुनाव 2025 में पांचवीं बार मोकामा से विधायक बने, लेकिन फिलहाल दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जेल में बंद हैं. विधानसभा चुनाव के दौरान दुलारचंद यादव की हत्या हुई थी. नेता जन सुराज के प्रत्याशी के उम्मीदवार के लिए प्रचार कर रहे थे, इसी दौरान दोनों गुटों के समर्थकों में मारपीट हो गयी. इस दौरान फायरिंग भी हुई.

2 नवंबर को हुई थी गिरफ्तारीः इस फायरिंग में दुलारचंद यादव को गोली लगी, लेकिन उनकी मौत गोली लगने से नहीं बल्कि सीने में चोट लगने के कारण हुई थी. दुलारचंद यादव के परिजनों ने आरोप लगाया कि अनंत सिंह की गाड़ी से कुचलकर उनकी मौत हुई है.

# बिहार में एलपीजी सिलेंडर लोड ट्रक ने तीन बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत



**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में बड़ा हादसा सामने आया है. रविवार की रात गैस सिलेंडर लोड एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें एक की मौत हो गयी. दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. घटना इतनी भीषण थी कि अफरा-तफरी मच गयी. घटना से लोगों में आक्रोश है.

ट्रक का आतंकः घटना को लेकर स्थानीय लोग बताते हैं कि शाम के 6:30 बज रहे थे, इसी दौरान सुप्रिया सिनेमा रोड पर एक ट्रक का आतंक देखने को मिला. ट्रक में गैस सिलेंडर लोड था. इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवार और एक स्कूटी सवार को रौंद दिया.

एक युवक की मौतः इस हादसे में दो बाइक के परखच्चे उड़ गए और स्कूटी ट्रक के नीचे फंस गयी. घटना के दौरान लोगों की नजर पड़ते ही आनन-फानन में ट्रक को रोका. जब तक लोग पहुंचे, तब तक बबलू कुमार नामक एक युवक की मौत हो गयी थी. जबकि दो महिला घायल हो गयी, जिसमें एक महिला को बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया.

छानबीन में जुटी पुलिसः जानकारी के अनुसार बबलू कुमार बाजार से खरीदारी कर वापस अपने घर जा रहा था. इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गयी है. हालांकि अभी तक इस घटना को लेकर अधिकारिक बयान नहीं आया है.

हिरासत में चालकः पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है. घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है. लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि किस तरह ट्रक बाइक सवार को रौंदते हुए निकल रहा है. दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक स्कूटी को लगभग 200 मीटर तक घसीटता चला गया.

# बिहारशरीफ में दो दिवसीय जॉब कैंप का होगा आयोजन

## बेरोजगार युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर, प्राइवेट कंपनियों में 300 पदों पर होगी भर्ती




**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में आगामी 17 मार्च (मंगलवार) और 18 मार्च (बुधवार) को जिला नियोजनालय, नालंदा (ब्लॉक कैंपस, बिहारशरीफ) में दो दिवसीय विशेष जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि इस कैम्प में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

**इन पदों पर होगी बहाली :** जॉब कैम्प में फ्लिपकार्ट, स्वीगी, प्रथम फाउंडेशन, एलआईसी और पटेल एग्रो जैसी करीब 9 प्रमुख कंपनियां शामिल हो रही हैं। इसमें डिलीवरी एजेंट, सेल्समैन, मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, एचआर, केमिस्ट और बीमा सखी जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

फ्लिपकार्ट में डिलीवरी एजेंट के 50 पदों पर 15,000 से 30,000 रुपये मासिक वेतन और साप्ताहिक भुगतान की सुविधा दी जा रही है। वहीं, इलीट नेचुरल लिमिटेड की ओर से हेल्पर के 120 पदों के लिए 16,000 रुपये वेतन के साथ तीन समय का भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**जॉब के लिए योग्यता और शर्तें क्या होंगी :** इस कैम्प में शामिल होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास से लेकर स्नातक, बी.कॉम, बी.एससी और एमबीए निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को उनके पद और योग्यता के अनुसार 12,000 से लेकर 45,000 रुपए तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। कार्यस्थल बिहारशरीफ, राजगीर, पटना समेत दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहर भी हो सकते हैं।

नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चूंकि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियोजन की शर्तों के लिए वे ही जिम्मेदार होंगे और नियोजनालय केवल एक सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 17 और 18 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे के बीच अपने दस्तावेजों के साथ संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय में पहुंच सकते हैं।

# रैली निकालकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर में सोमवार को सुल्तानगंज नगर परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नगर परिषद के जनप्रतिनिधिय, प्रशासनिक अधिकारियों, एनएसीसी कैडेट्स, स्कूल छात्र-छात्राएं और कर्मचारियों ने भाग लिया। इन्होंने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। नगर परिषद सुल्तानगंज की ओर से गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली नगर परिषद कार्यालय परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नमामि गंगे घाट तक पहुंची, जहां सफाई अभियान चलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। रैली में नगर सभापति राजकुमार गुड्डू, प्रशिक्षु एएसपी सयाम रजा, इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार, वार्ड पार्षद नवीन कुमार बन्नी, सुभाष कुमार, रीना देवी और संजय चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसके अलावा मुरारका महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में स्वच्छता से जुड़े संदेश लिखे पोस्टर और बैनर लेकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने तथा और नदी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

**घर के आसपास सफाई रखने की अपील:** शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें। गंगा नदी को प्रदूषित होने से बचाने में सहयोग करें। नगर सभापति राजकुमार गुड्डू ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के तहत नगर परिषद की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ शहर बनाने में आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। यदि सभी नागरिक अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों की सफाई के प्रति सजग रहेंगे तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में नमामि गंगे घाट पर विशेषसफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट परिसर में कचरा हटाकर लोगों को गंगा की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस मौके पर नगर परिषद के प्रधान सहायक राजीव रंजन चौधरी, कर्मी क्रांति कुमारी सहित नगर परिषद के कई कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गंगा में डूबने से नाबालिग की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में बड़ी मां और अन्य परिजन के साथ गंगा किनारे गई 8 साल की बच्ची की सोमवार को डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पैर फिसलने से नाबालिग हादसे की शिकार हुई है। घटना सबौर प्रखंड के राजंदीपुर गांव की है। बच्ची के गंगा में डूबने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने के पहले बच्ची की लाश को निकाला जा चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमर्मॉटम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान शिवानी कुमारी के रूप में हुई है, जो सिकेंद्र मंडल की बेटी थी। पुलिस के मुताबिक, परिजन ने बताया है कि पैर फिसलने की वजह से शिवानी गहरे पानी में चली गयी। जब तक उसे निकाला जाता, तब तक डूबकर उसकी मौत हो गई।

**20 मिनट के बाद 17 फीट गहरे पानी से निकाली गई लाश:** मृत बच्ची के पड़ोसी नंदकिशोर कुमार ने बताया कि शिवानी के माता-पिता नहीं हैं और वो अपनी बड़ी मां के साथ रहती थी। उन्होंने बताया कि घटना के समय आसपास कोई ऐसा नहीं था, जो तत्काल बच्ची को पानी में डूबने से बचा पाता। गंगा किनारे मौजूद लोगों के शोर मचाने के बाद गांव के कुछ लड़कों और गोताखोरों ने 20 मिनट की मशक्कत के बाद बच्ची की लाश को पानी से निकाला। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर सबौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बटेश्वर गंगा पंप नहर में पानी छोड़ते ही 10 फीट टूटी दीवार

**भागलपुर।** बटेश्वर गंगा पंप नहर ट्रायल में तीसरी बार फेल हो गया। शनिवार की रात नहर में पानी छोड़ते ही रानीपुर लघरिया बहियार के पास नहर की दीवार करीब 10 फीट टूट गई। देखते ही देखते 50 एकड़ में लगी गेहूं, सरसों, मसूर, मटर, खेसारी सहित कई दलहन और तिलहन की फसलें डूब गईं। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि दीवार टूटने की संबंधित विभाग से बात कर जांच कराएंगे। किसानों को क्या नुकसान हुआ है, इसका भी आकलन किया जाएगा। उधर, फसल डूबने से किसानों में आक्रोश है।

# गैस एजेंसी के बाहर पुलिसबल की तैनाती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में घरेलू गैस को लेकर उपभोक्ता परेशान है। सुबह 6 बजे से ही एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने के लिए भीड़ उमड़ रही है। कई जगहों पर पुलिस की निगरानी में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। जगदीशपुर प्रखंड के दाऊद बाट स्थित एचपी गैस एजेंसी पर लोग भूखे-प्यासे सिलेंडर लेने के इंतजार में खड़े दिखे। एजेंसी परिसर में अव्यवस्था जैसी स्थिति भी देखी गई। लाइन में लगे उपभोक्ता धीरज ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तरह-तरह की बातें फैल रही हैं, जिसके कारण लोग सुबह से ही एजेंसी पहुंचकर कतार में लग जा रहे हैं। भूखे-प्यासे खड़े हैं। कई बार ओटीपी या बुकिंग की प्रक्रिया सही से नहीं हो पाती है, जिससे परेशानी बढ़ गई।

**मजबूरी में एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है:** वहीं, सिलेंडर लेने पहुंचे रमेश कुमार ने कहा कि कई बार ओटीपी तो मिल जाता है, लेकिन समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ता है। पता नहीं ऐसा कब तक चलेगा।

**उफवाह पर ध्यान न दें, पर्याप्त मात्रा में स्टॉक:** डिस्ट्रीब्यूटर मौसमी रानी ने कहा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है। कुछ छोटे-छोटे सोशल मीडिया क्रिएटर और यूट्यूबर भ्रम फैला रहे हैं। जिसके कारण एक साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पहुंच रहे हैं। बुकिंग होने पर गैस आराम से मिल रहा है, कोई दिक्कत नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एमएसडीएसी–बीआरपीए–26–आरई, दिनांक:** 13.03.2026, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई–एमएसडीएसी–बीआरपीए–26–आरई** के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** बीआरपीए (बारुईपाड़ा) स्टेशन पर डुअल डिटेक्शन मोड में डीसी ट्रैक सर्किट के स्थान पर डुअल एमएसडीएसी का प्रावधान। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 08.04.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,60,75,730.65, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 4,30,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 25.03.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 13.03.2026, 17.25 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-696/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## केसरवानी समाज के आराध्य कश्यप मुनि

**भागलपुर।** केसरवानी वैश्य सभा की ओर से पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को देवी बाबू धर्मशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भागलपुर के अलावा पटना, मसौढ़ी, सिकंदरा, तारापुर सहित कई शहरों से समाज के लोग आए। सभी ने समाज की एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने कहा, हमारे गुरु कश्यप मुनि हैं। इसीलिए मैं हर साल कार्यक्रम में आती हूं। केसरवानी वैश्य समाज के लोग इनकी पूजा करते हैं और पारिवारिक वातावरण में कार्यक्रम करते हैं जो मुझे बहुत अच्छा लगता है। पूर्व मेयर डॉ. वीणा यादव ने कहा यह मिलन समारोह इसीलिए अच्छा लगता है कि यहां पुरुष, महिलाएं, बच्चे सभी मिलकर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह समाज और आगे बढ़े। डॉ. बिहारी लाल ने कहा कि मैं पांच साल से कार्यक्रम में आ रहा हूं और हर बार यह बेहतर होता जा रहा है। भाजपा नेत्री डॉ. प्रीति शेखर ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने समाज को ठीक करें तो भारत ऐसे ही सशक्त हो जाएगा। नागरिक विकास समिति की कृष्णा देवी ने कहा कि यह कार्यक्रम एकता का संदेश देता है। सत्यनारायण प्रसाद ने कहा कि यह उत्सव धीरे-धीरे महोत्सव में बदल रहा है। सभा के अध्यक्ष राकेश रंजन केसरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

बिहार सरकार

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2025-26**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 09.03.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 19.03.2026, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 23.03.2026, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि समय : दिनांक 24.03.2026 अपराह्न 11:00 बजे पूर्वाह्न में एवं (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में सुखाड़ की स्थिति एवं जिलों में जलस्तर के गिरावट के कारण पेयजलापूर्ति हेतु नये चापाकलों का निर्माण कार्य। | | | | | |
| 1 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा GPT चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–08 अदद। (ii) 125/115 mm x 60 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–28 अदद। | 37.65200 | 0.75500 | 5000 | 590 | 3 माह |

7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
8. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।
9. **विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar वेववाईट पर देखा जा सकता है।**

PR- 26276 ( P H E D ) 2025-26

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।




बिहार सरकार कृषि विभाग

**किसानों एवं आमजनों के हित में जारी**

भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, वनस्पति संरक्षण संगरोध एवं संग्रह निदेशालय द्वारा प्रेषित अनुशंसित दर से अधिक रसायनिक कीटनाशकों का उपयोग हमारी खाद्य वस्तुओं को प्रभावित कर रही हैं। कीटनाशी अवशेष युक्त खाद्य पदार्थ मानव जीवन के लिए हानिकारक होने के साथ–साथ पर्यावरण को भी दूषित कर रहे है। खाद्य पदार्थों पर कीटनाशी अवशेषों से कैंसर (Cancer), न्यूरोलॉजिकल विकार, हार्मोन व्यवधान, और प्रजनन क्षति जैसी खतरनाक बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ–साथ कीटनाशी अवशेषों से पालतू जानवरों से मिलने वाले खाद्य् वस्तुओं जैसे–दूध, दही, मीट आदि की गुणवता भी प्रभावित हो रही है।

अत: खाद्य वस्तुओं पर कीटनाशी अवशेषों को कम करने के निम्नलिखित उपाय हैं :–

1. विषमुक्त फसलों में कीट/व्याधि का प्रबंधन करने के लिए एकीकृत कीट/व्याधि प्रबंधन को अपनाना चाहिए जैसे फसल चक्र, प्रतिरोधी किस्में, कीटों के प्राकृतिक शत्रुओ (परभक्षी एवं परजीवी) का उपयोग करना, मित्र कीटों का संरक्षण करना आदि।
2. रसायनिक कीटनाशकों का प्रयोग कम करने हेतु पौधा संरक्षण उपादान जैसे कीटों को पकड़ने के लिए फेरोमोनट्रैप या लाईट ट्रैप तथा पौधों के चारों ओर अवरोधक फसल (Barrier Crops) का उपयोग किया जा सकता है।
3. रसायनिक कीटनाशकों की जगह जैविक कीटनाशी जैसे Trichoderma (फफुंदनाशी), Pseudomonas (जीवाणुनाशी), नीम तेल आदि का प्रयोग करें। जैव कीटनाशी का पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव नहीं है।
4. रसायनिक कीटनाशी का प्रयोग अंतिम विकल्प के रुप में करें तथा इसका प्रयोग हमेशा अनुशंसित दर पर किया जाना चाहिए। लाल, पीला या नीलालेबल (जो बहुत विषैले होते हैं) वाले कीटनाश कों के बजाय हरे त्रिकोण लेबल वाले कीटनाशक चुनें।

अधिक जानकारी के लिए जिला स्तरीय सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण से सम्पर्क करें।

PR No.- 026549 (Agriculture)D. 2025-26

कृषि निदेशक, बिहार, पटना

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या में 20 से 28 मार्च तक 1251 कुंडीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ, तैयारी अंतिम चरण में

**आरा**| अयोध्या के राजघाट में 20 मार्च से 28 मार्च 2026 तक लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह हनुमत श्रीराम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है और आयोजन स्थल पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है। यह यज्ञ महान संत त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजन को भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। यज्ञ के प्रचारक कमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। स्वामी जी के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि यह 1251 कुंडीय महायज्ञ होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 20 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। इस महायज्ञ में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के संत-महात्माओं और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही आम श्रद्धालुओं से भी यज्ञ में शामिल होने की अपील की गई है। इस अवसर पर श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति के पाप का भागी उसके परिजन नहीं होते।

### रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर लापरवाही से यात्रियों को हो रही परेशानी

**आरा**। स्थानीय आरा रेलवे स्टेशन पर बुकिंग कर्मचारियों की लापरवाही का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे टिकट काउंटर पर यात्रियों की लंबी लाइन लगी हुई थी, लेकिन वहां सिर्फ काउंटर नंबर 4 ही खुला हुआ था। इस कारण कई यात्रियों को समय पर टिकट नहीं मिल सका और कुछ लोगों की ट्रेन भी छूट गयी। यात्रियों का कहना था कि आरा स्टेशन बिहार का प्रमुख स्टेशन है जहां से रेलवे को अच्छा राजस्व प्राप्त होता है। रेलवे नियम के अनुसार टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारियों के लिए नेम प्लेट लगाना अनिवार्य होता है, लेकिन वहां ऐसा कुछ दिखाई नहीं दिया। पूछताछ केंद्र पर भी कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला, जिससे यात्रियों को जानकारी लेने में भी दिक्कत हुई। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक नंदकिशोर राय ने बताया कि इस मामले को लेकर वे पहले भी संबंधित अधिकारियों को जानकारी दे चुके हैं। डीसीएम से भी बात की गयी है और पत्राचार किया गया है।

### पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे समेत दो धराए, मिली जमानत

**बक्सर**| बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत वीर कुंवर सिंह सेतु पर शनिवार की शाम वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो युवकों को शराब के नशे में हिरासत में लिया। इनमें एक की पहचान सुधीर सिंह के रूप में हुई है, जो सारण जिले के महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे हैं। उनके साथ छपरा निवासी कुणाल सिंह नामक एक अन्य युवक को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की। शनिवार की शाम उत्तर प्रदेश की ओर से बक्सर में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान वीर कुंवर सिंह सेतु पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एक कार को रुकने का इशारा किया। कार रुकने के बाद उसमें सवार युवकों ने पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी। वरीय अधिकारियों के निर्देश के बाद दोनों को औद्योगिक थाना लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। एसडीपीओ ने रविवार की देर शाम गिरफ्तारी की पुष्टि की। जमानत मिलने के बाद सुधीर कुमार सिंह लाइव आए और कहा कि वह मधुमेह से ग्रसित है और उसका इलाज कराने के लखनऊ जा रहे थे। वह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंच गए थे लेकिन तब तक उन्हें सूचना मिली कि उनके कुछ दोस्त जो पीछे से आ रहे थे उन्हें बक्सर में प्रशासन ने रोक रखा है। सूचना मिलने के बाद वह वापस लौटे तो पुलिस ने उन्हें झूठे केस में पकड़ लिया। यह सब कुछ सारण के एक बड़े नेता के कहने पर हुआ है।

### विवाहिता के आत्महत्या के प्रयास मामले में केस

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर के कांट गांव में विवाहिता द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह प्राथमिकी जख्मी महिला के अस्पताल में दिए गए फर्द बयान के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस अब मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 14 के कांट निवासी प्रवीण कुमार सिंह की पत्नी 23 वर्षीय आंचल सिंह ने शुक्रवार को आत्महत्या की नीयत से खुद को गोली मार ली थी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उसके पति और देवर सहित परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा ले गए, जहां एक निजी अस्पताल में उसका ऑपरेशन कर शरीर में फंसी गोली निकाल दी गई है और उसका इलाज जारी है। अस्पताल में दिए गए अपने बयान में आंचल सिंह ने बताया कि उसने 4 अक्टूबर 2021 को अपने परिजनों की इच्छा के विरुद्ध प्रवीण सिंह से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से उसके माता-पिता उससे नाराज चल रहे थे। उसने बताया कि शुक्रवार को वह अपने मायके वालों को मनाने गई थी, लेकिन वहां उसके माता-पिता ने उसे दरवाजे से ही वापस लौटा दिया।

### महात्मा गांधी बड़ी बाजार में गंदगी के अंबार से परेशानी

**बक्सर**। शहर का सबसे पुराना महात्मा गांधी बड़ी बाजार का परिसर का आधे से अधिक हिस्सा कूड़ा-कचरा और गंदगी से बजबजा रहा है। ऐसे में दुकानदारों को को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं तथाकथित कुछ दुकानदारों ने बाजार परिसर की जमीन पर कब्जा कर गोदाम बना लिया है। ऐसे में बाजार के बाउंड्री के बाहर सड़क किनारे दुकान लगाने को विवश हो जाते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वहीं दुर्घटना होने का भय बना रहता है। नगर परिषद को हर साल इस बाजार से लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है, बावजूद ना तो यहां मूलभूत सुविधाएं दुकानदारों को मिलती है और ना ही नियमित सफाई की जाती है। यह तस्वीर भास्कर के पाठक टुनटुन प्रसाद ने भेजी है।

### पोखर में डूबने से युवक की मौत

**आरा**। भोजपुर में पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घर से भैंस चराने के लिए निकला था। मृतक की पहचान बक्सर जिले के ढावी नैनिजोर गांव निवासी हृदया यादव के पुत्र अवधेश यादव के तौर पर हुई है। छत्तीसगढ़ में प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता था। मृतक के साले अशोक कुमार यादव ने बताया कि रविवार को भैंस चराने के लिए जा रहा था। महुआर गांव स्थित पोखर किनारे पैर स्लिप होने से पानी में डूब गया। देखते ही आसपास के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में शाहपुर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मृतक पांच भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में पत्नी सुनीता देवी, पुत्र नीरज कुमार और एक पुत्री श्रेया कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### क्रिकेट अकादमी ऑफ भोजपुर ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**आरा**। तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर खेले गए मुकाबले में क्रिकेट अकादमी ऑफ भोजपुर ने होप क्रिकेट क्लब को 79 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच का उद्घाटन स्वर्गीय रमेश के पिता अशोक गोप, महाराजा कॉलेज के पीटीआई यशवंत सिंह, जेबीसीसी के अध्यक्ष राजीव कुमार, श्रवण कुमार, वार्ड संख्या 13 के पार्षद मोनू यादव और बब्लू कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिकेट अकादमी ऑफ भोजपुर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए।

# नीलगाय का गोबर जैविक खेती के लिए उपयोगी-विशेषज्ञ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेले में बक्सर के डुमरांव में चल रहे नीलगाय (बनबकरी) पर अनुसंधान ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस शोध के तहत पाले जा रहे नीलगाय के बच्चों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान, वैज्ञानिक और आगंतुक पहुंचे। यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के डायरेक्टर रिसर्च डॉ. अनिल कुमार और कुलपति डॉ. डीआर सिंह के निर्देशन में प्रदर्शित किया गया। शोध टीम के मुख्य सदस्य डॉ. सुदय प्रसाद ने नीलगाय पर किए जा रहे अनुसंधान और उसके संभावित लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कृषि मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने भी इस शोध कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों की समस्याओं को समाधान में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे भविष्य में किसानों को आर्थिक लाभ मिल



सकता है। डुमरांव में कृषि वैज्ञानिकों की टीम कई वर्षों से नीलगाय से जुड़ी समस्याओं और संभावनाओं पर अध्ययन कर रही है। दरअसल, बिहार सहित देश के कई हिस्सों में नीलगाय किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती है, जिससे किसान लगातार परेशान रहते हैं। इसी समस्या को अवसर में बदलने के उद्देश्य से वैज्ञानिकों ने नीलगाय को पालतू बनाकर उससे आर्थिक लाभ प्राप्त करने की दिशा में शोध शुरू किया है। अनुसंधान का नेतृत्व कर रहे वैज्ञानिक डॉ. सुदय प्रसाद ने बताया कि करीब चार वर्षों से इस विषय पर लगातार अध्ययन किया जा रहा है।

**स्वभाव, स्वास्थ्य तथा उपयोगिता से जुड़े हर पहलू का निरीक्षण कियाः** शोध के तहत नीलगाय के कुछ बच्चों को लाकर उन्हें पालतू बनाने का प्रयास किया गया। उनके व्यवहार, खान-पान और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं का वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की देखरेख में पाले गए ये बच्चे अब बड़े हो चुके हैं और उनके स्वभाव, स्वास्थ्य तथा उपयोगिता से जुड़े हर पहलू का सूक्ष्म निरीक्षण किया जा रहा है।

**नीलगाय का गोबर जैविक खेती के लिए उपयोगीः** शोध के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार नीलगाय का गोबर पोषक तत्वों से भरपूर पाया गया है, जो जैविक खेती के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि इसके गोबर में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम के साथ-साथ कैल्शियम और मैग्नीशियम भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं।

## पिस्टल चेक करने के दौरान युवक को लगी गोली



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के झौवां गांव में पिस्टल चेक करने के दौरान अचानक चली गोली से एक युवक घायल हो गया। इस मामले में घायल के बयान पर दो दोस्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी फिलहाल फरार है, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र की है। घायल की पहचान योगेश्वर पांडेय के पुत्र अजीत कुमार के तौर पर हुई है। शुक्रवार को वह अपने दोस्तों के साथ घर पर बैठा हुआ था। इस दौरान पिस्टल को चेक करने के दौरान फायरिंग हो गई। बुलेट अजीत के हाथ में लगी, जिससे गंभीर रूप घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया।

**आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारीः** थानाध्यक्ष सुंदरेश्वर कुमार ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्टल और दो खोखा मिला है। बरामद पिस्टल लाइसेंसी है या गैर-लाइसेंसी, इसकी जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हर बार से अधिक भव्य होगी रामनवमी शोभायात्रा : देवराहाशिवनाथ दास



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। रामनवमी शोभायात्रा इस वर्ष पहले की अपेक्षा अधिक भव्य और विशाल होगी। इसकी तैयारी को लेकर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर बैठकें और आयोजन किए जा रहे हैं। महादेवा के हनुमान मंदिर में बैठक के दौरान श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, त्रिकालदर्शी परमसिद्ध संत संतश्री देवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने कहा कि आज के समय में मनुष्य की आयु कम होने का मुख्य कारण ब्रह्मचर्य का अभाव है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में लोग ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते थे, इसलिए हजारों वर्षों तक जीवित रहते थे। उन्होंने कहा, "जहां राम तहां काम नहीं, जहां काम नहीं राम। दोनों कबहुं ना मिले, रवि रजनी एक ठाम। संतश्री ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी की शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन और महासचिव शंभू प्रसाद चौरसिया ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर बैठकें कर झांकियों की तैयारी की जा रही है। शहर को पोस्टर, बैनर और होर्डिंग से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

## शराबबंदी के बावजूद कई लोग चोरी-छिपे पीते हैं शराब

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर कुमार सिंह को बक्सर में शराब पीने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई है। जमानत मिलने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें एक साजिश के तहत फंसाया गया है और इसके पीछे सारण के एक बड़े नेता का हाथ है। सुधीर कुमार सिंह ने लाइव के दौरान दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद कई लोग चोरी-छिपे शराब पीते हैं। उन्होंने पुलिस पर शराब माफियाओं से मिलकर शराब बिकवाने और उनसे वसूली करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, तो कई पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आ सकती है।

**उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गईः** बक्सर पुलिस ने नशे की हालत में दो युवकों को हिरासत में लिया था। इनमें पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर कुमार सिंह और सारण निवासी कुणाल सिंह शामिल थे। दोनों को मेडिकल जांच के लिए भेजा



गया, जहां रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां एक्साइज स्पेशल कोर्ट-1 ने देर शाम उन्हें जमानत दे दी।

**सुधीर कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी सफाई दीः** जमानत मिलने के बाद सुधीर कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी सफाई दी। उन्होंने बताया कि वह मधुमेह से पीड़ित हैं और इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। जब वह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि बक्सर में उनके कुछ मित्रों को

♦ बक्सर में जमानत के बाद बोले पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर सिंह

प्रशासन ने रोक रखा है। सुधीर सिंह के अनुसार, यह जानकारी मिलने पर वह वापस लौटे। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे ही वह लौटे, पुलिस ने उन्हें एक झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार कर लिया। उनका कहना है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई थी।

**पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आईः** उन्होंने यह भी दावा किया कि हाल ही में सारण में हुए एक गैंगरेप मामले में उन्होंने आवाज उठाई थी, जिसके बाद उन्हें निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने लाने के लिए वह इस मामले को आगे तक ले जाएंगे। हालांकि सुधीर कुमार सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों पर अब तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## एग्जाम देने आए छात्र की गोली मारकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के शाहपुर में इंटरमीडिएट के एक छात्र की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र एक दिन पहले यानी रविवार को ही गुजरात में रहने वाले अपने माता-पिता के पास से गांव आया था। आज यानी सोमवार से उसकी इंटर की परीक्षा शुरू होनी थी। एग्जाम के कुछ घंटे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। घटना बनाही गांव के पुल के पास तड़के 3 बजे की है। उजाला होने पर टहलने वाले लोगों ने छात्र की लाश देखी, जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। मृतक की पहचान बनाही गांव वार्ड संख्या 3 के रहने वाले राजू उर्फ राजीव पांडेय के 18 साल के बेटे सुमित कुमार के रूप में की गई है। छात्र के शव को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना शाहपुर थाना पुलिस और परिजन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर



अस्पताल भेज दिया। मृतक सुमित के माता-पिता गुजरात के सूरत शहर में रहकर एक निजी कंपनी में काम करते हैं। करीब डेढ़ महीने पहले सुमित भी अपने माता-पिता के पास सूरत गया हुआ था। सोमवार से उसकी 11वीं की परीक्षा शुरू होने वाली थी, इसलिए वह रविवार को ही सूरत से अपने गांव लौटा था। रविवार का पूरा दिन उसने घर पर ही बिताया और रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे। मृतक के दादा रामाकांत मिश्रा ने बताया कि तड़के सुबह करीब 3 बजे सुमित के मोबाइल पर किसी का कॉल आया था। फोन पर बातचीत के बाद सुमित खघर से बाहर निकला और बाहर से दरवाजे की कुंडी लॉक कर दी थी। उन्होंने बताया कि सुबह गांव के लोगों ने बताया कि पुल के पास आपके पोते की हत्या कर दी गई है। उसकी लाश घटनास्थल पर पड़ी है। रामाकांत मिश्रा के मुताबिक, पोते के सिर में गोली मारी गई है। उसका सिर बुरी तरह डैमेज हो गया था। वहीं, मृतक के बड़े भाई अविनाश ने बताया कि मैं पशुओं का चारा दे रहा था। इतने में किसी ने सूचना दी कि तुम्हारे भाई की हत्या कर दी गई है। मैंने कल ही उसे स्टेशन से आते देखा था। मेरे भाई का मोबाइल भी घटनास्थल पर नहीं मिला है।

**हत्या का कारण पता कर रहे हैं, सभी पहलुओं पर जांच जारीः** जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना के बाद एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था और घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## संसद परिसर को पिकनिक स्पॉट बनाना लोकतंत्र का अपमान : भाजपा जिलाध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने विपक्ष पर संसद की गरिमा भंग करने और एलपीजी गैस की कथित कमी को लेकर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। रविवार को आरा परिसदन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित विपक्षी दलों के करीब 20 सांसदों द्वारा संसद भवन के मकर द्वार के बाहर चाय-बिस्कुट के साथ चाय पार्टी आयोजित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। भाजपा इसकी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है और उसकी मर्यादा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। लेकिन विपक्षी सांसदों ने इस घटना के जरिए संसद परिसर को एक तरह से पार्लियामेंट पिकनिक



स्पॉट बनाने का प्रयास किया है। दुर्गा राज ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक के बावजूद वहां बैठकर विरोध प्रदर्शन करना संसदीय नियमों और अध्यक्ष के निर्देशों की खुली अवहेलना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर भी भ्रामक प्रचार किया गया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर नागरिक तक ऊर्जा सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भोजपुर जिले में भी जिलाधिकारी द्वारा गैस की कोई कमी नहीं होने की बात कही गई है। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर गैस भंडारण की स्थिति की जानकारी लेगा। जिला प्रभारी राजेश सिन्हा ने भी विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## चंद्रशेखर हत्याकांड में 2 आरोपी गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में चंद्रशेखर हत्याकांड में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में मृतक के पिता के बयान पर गांव के ही दो लोगों को नामजद और अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान सोहरा गांव वार्ड संख्या-7 निवासी चंद्रशेखर कुमार के तौर पर हुई है। पिता प्रभुनाथ प्रसाद ने बताया कि 12 मार्च को गांव में क्रिकेट खेलने

♦ गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान विवाद हुआ था, जान से मारने की धमकी मिली थी

के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। मेरा बेटा झगड़ा शांत कराने के लिए वहां गया था। गांव के ही सुधन बिंद ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार सुबह(14 मार्च 2026) चंद्रशेखर अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित पलानी में सो रहा था। जहां बदमाशों ने उसे गोली मार दी। बुलेट बाएं कनपटी में लगी और दाएं ओर से आर-पार हो गई। मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**केस दर्जकर जांच में जुटी पुलिसः** इस संबंध में सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल न्यायालय भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न 6,188 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। व्यवहार न्यायालय में परिचर एवं आदेशपाल के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा रविवार को बक्सर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू की गई थी, जिससे परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ और शोर-शराबे पर नियंत्रण बना रहा। यह परीक्षा सिविल न्यायालयों में परिचर एवं चपरासी (सामान्य तथा आदेशपाल) के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 04/2022 के तहत आयोजित की गई थी। डीएम साहिला और एसपी शुभम आर्य



के संयुक्त निर्देश पर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। रविवार को परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली में 8,444 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा निर्धारित थी, जिनमें से 3,118 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 5,326 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 8,444 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 3,070 परीक्षार्थी शामिल हुए और 5,374 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 16,888 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिनमें से 6,188 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 10,700 अनुपस्थित रहे। प्रशासन के अनुसार किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं मिली। डुमरांव में भी व्यवस्था सजग रही। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा केंद्रों पर जांच करते दिखें। अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मियों और नागरिकों के सहयोग से परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार राज्यसभा चुनावः नितिन नवीन ने किया मतदान, राजद विधायक से मिलाया हाथ

**पटना।** बिहार में राजनीति के लिहाज से आज (सोमवार) का दिन काफी अहम माना जा रहा है। राज्य की पांच राज्यसभा सीटों के लिए विधानसभा परिसर में सुबह 9 बजे से मतदान जारी है, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। मतदान के लिए सभी दलों के विधायक लगातार विधानसभा पहुंच रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा उम्मीदवार नितिन नवीन भी विधानसभा पहुंचे और मतदान किया। मतदान प्रक्रिया के दौरान अब तक कई विधायकों ने अपने वोट डाल दिए हैं, जबकि बाकी विधायक भी धीरे-धीरे विधानसभा पहुंच रहे हैं। मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट बनाए रखने को लेकर बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं। खासतौर पर पांचवीं सीट को लेकर मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। यही वजह है कि दलों की कोशिश है कि उनके विधायकों का एक भी वोट इधर-उधर न हो। इस कारण मतदान के दौरान नेताओं की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर राजनीतिक नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच विधानसभा परिसर में एक दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। जब नितिन नवीन विधानसभा पहुंचे, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक रणविजय साहू ने उनसे हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात की तस्वीर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का दौर शुरू हो गया। हालांकि, इस मुलाकात को सामान्य शिष्टाचार बताया जा रहा है। फिर भी राज्यसभा चुनाव के दौरान अलग-अलग दलों के नेताओं की इस तरह की मुलाकातें अक्सर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन जाती हैं।

### वैशाली में गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइन, अफवाहों के बीच प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर अफवाहों के चलते लोग एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों का दावा है कि पर्याप्त गैस है और डिलीवरी जारी है। वही एक गैस एजेंसी के बाहर सुबह 4 बजे से ही सैकड़ों कार्डधारक सिलेंडर के लिए कतार में खड़े थे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे बीते कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। वहीं, कुछ उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालकों पर बिना जानकारी के सिलेंडर की उठाईगिरी (ट्रांसफर) करने का गंभीर आरोप लगाया। वही इसको लेकर इंडियन गैस के कर्मी सोनू कुमार ने स्थिति को सामान्य बताते हुए कहा, "गैस की कोई कमी नहीं है।



गाड़ी आ रही हैं और सप्लाई हो रही है।" उन्होंने बताया कि फिलहाल होम डिलीवरी बंद होने के कारण सभी उपभोक्ता गोदाम पर जमा हो रहे हैं, जिससे अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। अरुणा भारत गैस एजेंसी के संचालक बलराम कुमार ने किल्लत से इनकार करते हुए पैनिक के लिए अफवाहों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, की दो देशो मे युद्ध के बाद से लोगों ने पैनिक की स्थिति पैदा कर दी है। पहले जहां रोजाना 800 बुकिंग होती थी, वहां अब 2000 से अधिक बुकिंग हो रही है।" उन्होंने बताया कि लंबे समय से सिलेंडर न उठाने वाले उपभोक्ताओं को पहले केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया है। सर्वर लोड के कारण ऑनलाइन बुकिंग में आ रही दिक्कतों के बारे में उन्होंने बताया कि लगातार प्रयास करते रहें। वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और बुकिंग के बाद ही सिलेंडर प्राप्त करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाजीपुर में निजी अस्पताल सील, डीएम के निर्देश पर जांच में मिली गंभीर अनियमितता



**हाजीपुर।** वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह को दूरभाष पर शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। हाजीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में छापेमारी के दौरान अनियमितता पाए जाने पर उसे सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, महुआ थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत की थी। उनके भाई के इलाज के नाम पर पहले 45,000 रुपये की जबरन मांग की गई थी। विरोध करने पर अस्पताल ने बाद में 13,000 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने बताया कि पवन कुमार नामक बिचौलिये ने उन्हें जबरन श्री गणेश हॉस्पिटल, सदर हॉस्पिटल रोड, हाजीपुर में भर्ती कराया था। आरोप है कि इलाज के दौरान महंगी दवाएं देकर अधिक पैसे मांगे गए। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। इस दल में सिविल सर्जन वैशाली, अंचलाधिकारी हाजीपुर, नगर थाना हाजीपुर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। टीम ने अस्पताल की जांच की। जांच के दौरान, शिकायतकर्ता के भाई को बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जांच में पाया गया कि श्री गणेश हॉस्पिटल में कोई योग्य चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। साथ ही, आवश्यक तकनीकी और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का भी अभाव था। अस्पताल के ऊपरी तल पर केवल एक महिला मरीज भर्ती मिली। जांच दल ने आवश्यक मानकों और योग्य चिकित्सकों की अनुपस्थिति में अस्पताल के संचालन को गंभीर अनियमितता माना। इसके बाद मौके पर ही अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण, योग्य चिकित्सक और आवश्यक स्वास्थ्य मानकों के बिना संचालित किसी भी अस्पताल या क्लिनिक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी अस्पतालों के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और मरीजों को बेहतर व सुलभ इलाज उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर विंध्याचल एवं इन्द्रगढ़ स्टेशनों पर 01-01 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**हाजीपुर।** चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 12141/42 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का प्रयागराज मंडल के विंध्याचल स्टेशन पर तथा गाड़ी सं. 19037/38 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस का कोटा मंडल के इन्द्रगढ़ स्टेशन पर 02 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

गाड़ी सं. 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 19 मार्च से 02 अप्रैल, 2026 तक 22.30 बजे विंध्याचल पहुँच कर 22.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

गाड़ी सं. 12142 पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 19 मार्च से 02 अप्रैल,2026 तक 16.05 बजे विंध्याचल पहुंच कर 16.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

बांद्रा टमिनस से 15 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक खुलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 13.35 बजे इन्द्रगढ़ स्टेशन पहुँच कर 13.37 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

बरौनी से 15 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक खुलने वाली 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 11.08 बजे इन्द्रगढ़ स्टेशन पहुँच कर 11.10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# पटना में 72 करोड़ की जमीन के लिए 2 भाइयों की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



❒ **रिसेप्शन पार्टी में सिर-सीने में मारी थी 6 गोली, 2 गिरफ्तार, 3 हजार में खरीदा था कट्टा**

**पटना।** पटना में गोपालपुर के शाहपुर गांव में रिसेप्शन पार्टी के दौरान 2 भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना 22 फरवरी की रात हुई थी। आज इस मामले का पटना पुलिस ने खुलासा किया है। 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया, 6 बीघा जमीन को लेकर वर्ष 1933 से विवाद चल रहा था। इस जमीन की अनुमानित कीमत 72 करोड़ रुपए है। इस जमीन को पाने के लिए रिश्तेदारों ने घटना को अंजाम दिया था। हत्या से चार महीने पहले कोर्ट का फैसला मृतक के परिवार के पक्ष में आ गया था। इसके बाद, दूसरे पक्ष ने हत्या की प्लानिंग बनानी शुरू की। दूसरे पक्ष को लग रहा था कि हत्या कर देने के बाद दोबारा से जमीन उनकी हो जाएगी। इसी प्रतिशोध में दूसरे पक्ष ने दावत के दिन दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरे पक्ष के अमरजीत ने पूरी प्लानिंग की। चंदन समेत 6-7 अन्य जानने वालों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। चंदन और अमरजीत को फिलहाल पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने में 5 से 6 कट्टा का इस्तेमाल किया गया था।

**घटना को अंजाम देने के बाद राज्य छोड़कर भागे थेः** परिचय कुमार ने आगे बताया, घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी राज्य छोड़कर भाग गए। कुछ को झारखंड में भी लोकेट किया गया था। अमरजीत और चंदन को भोजपुरी में लॉकेट किया गया था। वहां से पूछताछ के लिए पटना लाया गया। जिसमें इन लोगों ने पूरा खुलासा किया।

**18 लोगों को बनाया गया था नामजदः** इस घटना के बाद मृतक पक्ष के लोगों ने 18 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। हालांकि, सभी इसमें से शामिल नहीं थे। अभी भी इस घटना में शामिल 5 से 6 आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अनंत सिंह बोले- मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ **बिना नीतीश के लड़ने से मतलब नहीं, तेजस्वी का नाम लेने पर भड़के, कहा- किसका नाम ले लिया**

**पटना।** बाहुबली अनंत सिंह ने सोमवार को विधानसभा के बाहर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। अनंत सिंह से पूछ गया कि अगला CM कौन होगा। इस पर उन्होंने कहा कि नीतीश जी तय करेंगे। बिना नीतीश के चुनाव लड़के के सवाल पर उन्होंने कहा कि नीतीश नहीं रहेंगे तो मैं भी चुनाव नहीं लड़ूंगा। निशांत और तेजस्वी में से आपको कौन अच्छा लगता है। इस सवाल के जवाब को अनंत सिंह टाल गए। अनंत सिंह ने ये भी दावा किया कि मैं 1 महीने में जेल से छूट जाऊंगा। असली अपराधी पकड़ा जाएगा। अनंत सिंह सोमवार को बेऊर जेल से राज्यसभा चुनाव के लिए वोट डालने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने NDA के पांचों कैंडिडेट्स की जीत का भी दावा किया। बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने 1 महीने पहले विधायक पद की शपथ ली थी। सदन के अंदर बिना पढ़े उन्होंने कहा मैं अनंत सिंह ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं कानून द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा। मैं बिहार राज्य के विधानसभा के सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करूंगा। शपथ लेने के बाद अनंत सिंह ने विधानसभा स्पीकर प्रेम कुमार से मुलाकात की। इसके बाद वो CM नीतीश के पास पहुंचे और उनके पैर छुए। इस दौरान CM नीतीश ने अनंत सिंह के तिलक के बारे में पूछा। इसके बाद अनंत सिंह जाकर अपनी सीट पर बैठ गए। करीब 10 मिनट बाद वो विधानसभा से फिर जेल के लिए निकल गए।

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराते और फायरिंग करते युवक का वीडियो वायरल



**एक आरोपी युवक गिरफ्तार**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी!** गौरीचक थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हुआ है।वीडियो वायरल में युवक संगीत की धुन पर हथियार लहराते हुए फायरिंग करते दिख रहा है।हालांकि सोन वर्षा वाणी अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल की सूचना पहुंचते ही पुलिस तुरत एक्शन मूड में आई और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी गौरीचक थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।घटना के संबंध में इस मामले पर सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर इस की घटना पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# पटना के बैंक मैनेजर की यूपी में हत्या, छुट्टी नहीं देने पर गार्ड ने सीने में मारी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



❒ **राइफल लेकर भागा आरोपी**

**पटना।** पटना के रहने वाले पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा की उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली चलाने का आरोप बैंक के गार्ड रवींद्र हुड्डा पर है। बताया जा रहा है कि वह कई दिनों से मैनेजर से छुट्टी मांग रहा था, लेकिन छुट्टी नहीं मिलने से नाराज था। इसी विवाद के बाद आरोपी ने अभिषेक शर्मा के सीने में गोली मार दी, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े।

बैंक में गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। इसी दौरान आरोपी गार्ड अपने एक साथी के साथ राइफल लेकर मौके से फरार हो गया। बैंक कर्मचारियों ने घायल मैनेजर को बाइक से अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। यह वारदात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर इलाके की है। घटना से जुड़ा बैंक गेट का एक CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसमें गार्ड अपने साथी के साथ नजर आ रहा है। उसके भागने के कुछ मिनट बाद बैंक मैनेजर को लोग उठाकर ले जाते दिखाई देते हैं।

**गाजियाबाद में पत्नी के साथ रहते थे अभिषेकः** बैंक मैनेजर अभिषेक शर्मा बिहार में पटना के फुलवारीशरीफ स्थित लखीमपुर के रहने वाले थे। अगस्त, 2025 से वह गाजियाबाद में पत्नी के साथ किराए पर रह रहे थे। घटना की जानकारी पत्नी को दी गई है।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- गोली की आवाज सुनकर बैंक के बाहर ही रुक गयाः** प्रत्यक्षदर्शी आरएन पांडेय ने बताया, "मैं भी बैंक आया था। अंदर जा ही रहा था कि गोली चलने की आवाज सुनकर रुक गया। तभी एक व्यक्ति, जो हाफ पैंट और टी-शर्ट पहने था, बाहर निकलता दिखा। उसके एक हाथ में बंदूक थी। उसके साथ एक और व्यक्ति था, जो कुर्ता-पैंट और सिर पर पगड़ी पहने हुए था। दोनों आराम से बैंक से बाहर निकले। मेन रोड पर एक बाइक खड़ी थी और दोनों उसी बाइक से फरार हो गए। बैंक के कर्मचारी मैनेजर को उठाकर बाहर ला रहे थे।"

**पुलिस बोली- आरोपी की गिरफ्तारी के छापेमारी चल रहीः** पुलिस के अनुसार, रवींद्र हुड्डा यूपी के बागपत के मंसूरपुर गांव का रहने वाला है। रवींद्र की तीन महीने पहले पंजाब एंड सिंध बैंक में नौकरी लगी थी। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो बैंक मैनेजर ने उसे फोन किया। ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने का कारण पूछते हुए उसे फटकार लगाई गई। मैनेजर ने उसे तत्काल बैंक पहुंचने के निर्देश दिए। इसके बाद वह करीब 1.45 बजे डबल बैरल बंदूक लेकर एक साथी के साथ बैंक पहुंचा। इसके बाद छुट्टी को लेकर अभिषेक शर्मा से उसका विवाद हो गया। घटना के समय बैंक में मैनेजर समेत 5 कर्मचारी काम कर रहे थे। जब तक अन्य कर्मचारी कुछ समझ पाते, तब तक गार्ड ने मैनेजर के सीने में गोली मार दी।

# बाढ़ में पुलिस-एसटीएफ की अपराधियों से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार, हथियार बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ **फायरिंग के दौरान एक के पैर में गोली**

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। घायल व्यक्ति को ईलाज हेतू बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका ईलाज जारी रहै। सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

**दियारा में हथियारबंद बदमाशों की सूचना पर कार्रवाईः** जानकारी के मुताबिक, सभी बदमाश हिस्ट्रीशीटर बताए जा रहे हैं। इन्होंने राई की फसल जबरन काट ली और उसकी दमाही कर रहे थे। उसी दौरान एसटीएफ को सूचना मिली की पंडारक दियारा में बदमाश हथियार लिए है। इसके बाद फौरन कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने टीम पर फायरिंग की।

**एक बदमाश घायल, पुलिस जांच में जुटीः** पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई के दौरान प्रणव कुमार उर्फ धीरज नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उसी दौरान पुलिस ने एक घायल सहित 3 अन्य बदमाशों को भी पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से हथियार और कारतूस बरामद किए हैं।

**गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारीः** फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कितने राउंड गोली चली है। दियारा में पुलिस मौके पर मौजूद है, वहीं मौके पर ही दो देशी रायफल, एक बंदूक, एक सिक्सर और जिंदा कारतूस पड़ा है। वहीं मौके पर कई खोखा बिखरा है। पुलिस और एसटीएफ ने चार अपराधी को मौके पर खों में गमछा बांधकर बिठाकर रखा है। एक घायल अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत्त है, जिसके पैर में गोली लगी है। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची है।

## बाढ़ के राणाबीघा पॉलीटेक्निक कॉलेज में हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल स्थित राणाबीघा गांव के पॉलीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को उस समय हंगामा हो गया, जब 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को बिना यूनिफॉर्म के कॉलेज में प्रवेश करने से रोक दिया गया। कॉलेज गेट पर तैनात गार्ड ने प्रबंधन के आदेश का हवाला देते हुए छात्रों को अंदर जाने से मना कर दिया। इसके बाद गेट के बाहर छात्रों ने विरोध जताया। छात्रों का आरोप है कि यूनिफॉर्म को लेकर किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। पटना से करीब 60 किलोमीटर दूर से आने वाली छात्रा खुशी ने बताया कि अचानक गेट पर रोक दिया गया, जबकि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को बिना यूनिफॉर्म के भी क्लास में जाने दिया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि इस वजह से कई छात्रों को गेट से ही वापस घर लौटना पड़ा।

**50 से अधिक छात्रों को रोका गयाः** खुसरूपुर के छात्र अमरजीत कुमार ने बताया कि 50 से अधिक छात्रों को कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं बख्तियारपुर के छात्र अमन कुमार ने कहा कि सुबह करीब 9 बजे तक बिना यूनिफॉर्म वाले छात्रों को अंदर जाने दिया गया, लेकिन 9:20 बजे के बाद आने वाले छात्रों को गेट पर ही रोक दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए अलग नियम लागू किए जा रहे हैं।

# सजी भोजपुरी सिने अवाड्र्स की महफिल, मनोज बने बेस्ट लिरिसिस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ **फिल्म 'अवैध' ने पांच अवार्ड जीतकर जमाया दबदबा**

**पटना।** पटना के बापू सभागार में आयोजित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवाड्र्स 2026 में भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकारों और रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में जहां भोजपुरी फिल्म जगत की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। वहीं, कई प्रतिभाओं को उनके योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फिल्म, संगीत और साहित्य से जुड़े कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया।

**मनोज भावुक को मिला बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्डः** समारोह में भोजपुरी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार मनोज भावुक को फिल्म 'दुलहिनिया नाच नचावे' के गीतों के लिए बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें इम्पा (IMPA) के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने प्रदान किया। वार्ड मिलने के बाद मनोज भावुक ने अपनी सफलता का श्रेय भोजपुरी सिनेमा के चर्चित फिल्म लेखक, निर्देशक और संगीतकार रजनीश मिश्रा को दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्मों में लिरिसिस्ट के रूप में जोड़ने का श्रेय रजनीश मिश्रा को ही जाता है।

**मनोज भावुक-रजनीश मिश्रा की जोड़ी के यादगार गीतः** भोजपुरी संगीत जगत में मनोज भावुक और म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा की जोड़ी को बेहद सफल और लोकप्रिय माना जाता है। इस जोड़ी ने कई ऐसी फिल्में और गीत दिए हैं जो आज भी दर्शकों और संगीत प्रेमियों के दिलों में बसे हुए हैं। फिल्म 'मेहंदी लगा के रखना' का लोकप्रिय गीत 'तोर बउरहवा रे माई', फिल्म 'मेहमान' का भावनात्मक गीत 'मेरे राम' और फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' के कई गीतों ने भोजपुरी संगीत को एक नई पहचान दिलाई।

**फिल्म 'अवैध' का रहा एकतरफा जलवाः** इस भव्य समारोह में राजधराना फिल्म्स की सुपरहिट फिल्म 'अवैध' का भी एकतरफा दबदबा देखने को मिला। साफ-सुथरी पारिवारिक कहानी और सामाजिक संदेश के लिए चर्चित इस फिल्म ने पांच अलग-अलग श्रेणियों में अवार्ड जीतकर समारोह की सारी सुर्खियां बटोर लीं।

**आदित्य कुमार झा और नीरज रणधीर की सफल जोड़ीः** फिल्म जगत में यह चर्चा आम है कि जब भी निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर की जोड़ी साथ आती है, तो सफलता तय मानी जाती है। 'अवैध' की पांच श्रेणियों में जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि इन दोनों का तालमेल भोजपुरी सिनेमा को एक नई दिशा दे रहा है। निर्देशक नीरज रणधीर के कुशल निर्देशन ने फिल्म की कहानी को पर्दे पर बेहद प्रभावशाली तरीके से जीवंत किया।

**गंभीर विषय और साफ-सुथरी प्रस्तुतिः** समारोह में मौजूद कई फिल्म हस्तियों ने कहा कि 'अवैध' भोजपुरी फिल्म जगत की अब तक की सबसे संजीदा और सामाजिक संदेश देने वाली फिल्मों में से एक है। यही कारण है कि इस फिल्म को इतनी बड़ी संख्या में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर भोजपुरी फिल्म जगत के कई कलाकारों ने निर्माता आदित्य कुमार झा, निर्देशक नीरज रणधीर और पूरी टीम को बधाई दी। वहीं मनोज भावुक को मिले सम्मान को भी भोजपुरी भाषा और संस्कृति के लिए गर्व का क्षण बताया गया।

# झारखंड में बढ़ी गर्मी, कई जिलों में तापमान सामान्य से 4–5 डिग्री अधिक

## 20 मार्च तक बारिश-तेज हवाओं का येलो अलर्ट



एजेंसी। रांची

झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मार्च महीने में ही गर्मी का असर तेज होने लगा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रभाव और अधिक महसूस किया जाएगा। मौसम विभाग की ओर से यह भी बताया गया कि राज्य में मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक बदलता रहेगा। बीच-बीच में बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान में अस्थायी गिरावट देखने को मिल सकती है। विभाग ने सोमवार को बताया कि राज्य के कई जिलों में 20 मार्च तक गर्जन के साथ हल्की बारिश होने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसे देखते हुए विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले तीन से चार दिनों के दौरान राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और मध्यम गति से हवाएं चलती रहीं। रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.7 डिग्री और न्यूनतम 20.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि बदलते मौसम को देखते हुए सावधानी बरतें और तेज हवाओं तथा आंधी-बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# झारखंड विधानसभा में धान खरीद में गड़बड़ी का मुद्दा गरमाया, मैक्लुस्कीगंज में अवैध ईंट भट्ठों पर भी उठे सवाल

एजेंसी। रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को सदन में धान खरीद में कथित गड़बड़ी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। विधायक जनार्दन पासवान ने राज्य में धान खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और इसे गंभीर घोटाला करार दिया। जनार्दन पासवान ने सदन में कहा कि राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया पूरी तरह संदिग्ध हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिनके पास कृषि योग्य जमीन तक नहीं है, वे भी 400 से 500 क्विंटल तक धान सरकार को बेच रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार से धान लाकर झारखंड में बेचा जा रहा है, जिससे पूरी खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि इस तरह का कोई मामला अभी तक सरकार के संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत या ठोस तथ्य सामने आते हैं, तो सरकार इसकी जांच कराएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि धान खरीद की पूरी प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता हो रही है। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की।

**मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा भी उठा**– इस दौरान सदन में मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और वहां संचालित अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सरकार एक ओर मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर इलाके में ईंट भट्ठों और क्रशर के संचालन से प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे हैं और इस पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 30 ईंट भट्ठों के संचालन की जानकारी मिली है और सभी संचालकों से कागजात की मांग की गई है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच विधायक सीपी सिंह ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रश्न में नौ अवैध ईंट भट्ठों का जिक्र किया गया है, जबकि मंत्री 30 भट्ठों की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर विभागीय मंत्री मामलों को टालते रहते हैं और जब विधानसभा में सवाल उठता है, तभी सरकार की नींद खुलती है। वहीं विधायक प्रकाश राम ने स्पष्ट किया कि विभागीय जवाब में जिले के 30 भट्ठों का उल्लेख है, लेकिन उन्होंने विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र में संचालित नौ अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन अवैध भट्ठों के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ रहा है और पर्यटकों की संख्या भी घट रही है।

## विधानसभा में गूंजा सड़क जाम और मतदाता सूची का मुद्दा, नवीन जायसवाल व प्रदीप यादव ने सरकार को घेरा

**रांची**। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को सदन में सड़क जाम, प्रदर्शन और मतदाता सूची से नाम हटाए जाने सहित कई मुद्दे जोर-शोर से उठे। हटिया विधायक नवीन जायसवाल और पौड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव ने इन मुद्दों को लेकर सरकार से जवाब मांगा। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने विधानसभा आने-जाने के दौरान हो रही परेशानी और सड़क जाम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति के कारण उन्हें और अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि मुख्य सड़क पूरी तरह जाम थी, जिसके कारण उन्हें करीब तीन किलोमीटर घूमकर विधानसभा पहुंचना पड़ा। जायसवाल ने कहा कि ऐसी स्थिति में आम लोगों और जनप्रतिनिधियों दोनों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि रसोइया और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं अपनी मांगों को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर रही थीं, जिससे रास्ता बंद हो गया और ट्रैफिक पूरी तरह प्रभावित हो गया। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव से पहले कई वादे किए गए थे, लेकिन अब तक उन्हें पूरा नहीं किया गया है। यदि समय पर समस्याओं का समाधान किया जाता, तो लोगों को सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। उन्होंने सदन में मौजूद मंत्रियों से इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने और प्रदर्शनकारियों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने सदन में मतदाता सूची से नाम हटाने और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उनके अनुसार, बिहार में करीब 65 लाख और अन्य राज्यों में लगभग एक करोड़ नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। झारखंड में भी पैरेंटल मैपिंग के नाम पर अब तक लगभग 12 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा चुके हैं और यह संख्या 20 लाख तक पहुंच सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे आदिवासी, दलित, पिछड़े और मुसलमान समुदाय के लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। प्रदीप यादव ने ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दुमका में हुई चौकीदार बहाली में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी होने के बावजूद ओबीसी वर्ग को एक भी पद नहीं मिला। उन्होंने सरकार से मांग की कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ पहल की जाए। प्रदीप यादव ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था में स्थानीय युवाओं के शोषण का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कई जगहों पर नौकरी दिलाने के नाम पर भारी वसूली की जा रही है। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना की सराहना करते हुए कहा कि बीपीएल की शर्त खत्म होने से लाभार्थियों की संख्या लगभग 14 लाख से बढ़कर करीब 64 लाख हो गई है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि कई अंचल अधिकारियों की ओर से सरकारी निर्देशों के बावजूद भूमिहीन और दलित लोगों को निवास प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की। विधायक प्रदीप यादव ने अल्पसंख्यक संस्थानों की मान्यता से जुड़े मामलों को जल्द सुलझाने और 1980 से लंबित भूमि सर्वेक्षण को पूरा करने की भी मांग की। उनका कहना था कि जमीन का सर्वे पूरा होने से भूमि विवाद कम होंगे और लोगों को राहत मिलेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू**

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

**TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Y/2026/861**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, मॉस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 30.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 375213 (District)25-26*D


## बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**पूर्वी सिंहभूम**। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 (एनएच-49) पर सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को खंडामौदा चौक के पास सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गामारिया पंचायत अंतर्गत मालहुआ (राजबांध) गांव निवासी युगल माईती के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युगल माईती रोजाना की तरह सुबह दूध देने के लिए अपने घर से निकले थे। वे साइकिल से सड़क किनारे पहुंचे और साइकिल खड़ी कर पैदल ही राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे। इसी दौरान बहरागोड़ा से कोलकाता की दिशा में जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युगल माईती उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।


**असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**आदेश**

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा अधीन जिला स्तरीय संविदा/ अनुबंध आधारित कर्मियों के रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु कार्यालय विज्ञापन संख्या– 02/2025–26 एवं संशोधन सूचना पत्रांक– 1233 (PMU), दिनांक 20.12.2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक– 12.01.2026 तक आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्यूटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि एवं दावा आपत्ति निराकरण के उपरांत योग्य उम्मीदवारों का लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। लिखित परीक्षा के प्राप्तांक एवं उनके अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर सभी योग्य उम्मीदवारों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गयी है, जिसे गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। दिनांक 17.03.2026 से उम्मीदवार उक्त सूची का अवलोकन कर सकेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 375238 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
BUILDING DIVISION, GARHWA. • Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

Quotation Reference No: **BCD/GARHWA- 32/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1)Name of Work:- मण्डल डैम के पुनर्वासितों के पुनर्वास हेतु चिन्हित स्थल का सर्वे कर समोच्वित नक्शा एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में।** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ surveyor/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–

1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 17.03.2026 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 25.03.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 27.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

**नोटः** जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 375227 (Building) 25-26 (D)



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurement Tender Notice**

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/44./2025-26 | Construction and for Bituminous road from dablu singh house to black top road near medical college via. Bund of Kacharwa Dam in ward no. 06 under Medininagar Municipal Corporation | 93,18,876/- | 1,86,378/- | 10,000/- | 3 माह |

| Part – B | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 01/04/2026 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 02/04/2026 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9835722747 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9835722747 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 375200 District(25-26)#D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)** 2nd Call
**Near Block Office, Block Road Bishrampur,**
**Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

पत्रांक – ........../न0प0, **आम–सूचना** दिनांक – ....../......./2026

नगर परिषद बिश्रामपुर में प्रशासक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य बोर करने हेतु नगर परिषद्, बिश्रामपुर में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 2000.00 (मो0 दो हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उनपर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 10000.00 (मो0 दस हजार रूपये मात्र) एवं डीप बोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है।

**निबंधन तिथि :– दिनांक 16.03.2026 से 28.03.2026 तक।**

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1. बोरवेल वाहन निबंधन की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुषण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. निबंधन हेतु 50000/– (पचास हजार रूपये) का भुगतान कार्यालय के QR Code (भुगतान की छायाप्रति) अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा, को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2026 से 31.03.2027 तक मान्य होगा।


**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद्, बिश्रामपुर**

PR 375176 District(25-26)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**


Schedule XLIII - High Court (M) 3TC, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मत्तहम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)
(1) नाम व शिलत पता
(2) किया है या करने का उस पर शुबहा है।
(3) नाम
(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताकी वारन्ट मजकूर उसपर जारी न हो सके।
(4) मोकाम।
(6) इस अदालत
(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag, Phone : 06546 - 263408 / 261699 (Fax), E-mail : prisonhzb@gmail.com

नाम– (1) राधेश्याम पासवान, पिता–प्रमोद पासवान, सा0–बड़कागॉव, थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–88/2022, दिनांक–19.02.2022 धारा–364, 120बी, 302, भा0द0वि0 एवं आर्म्स एक्ट एवं परिवर्तित धारा–392, 302, 411, 120बी, भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए, 26(6), 35, 27, आर्म्स एक्ट के अप्रा0 अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–02.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–12.03.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

**पुलिस अधीक्षक,**
**गढ़वा**

PR 375270 Police (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### भगवंत मान ने बीजेपी की विदेश नीति पर उठाए गंभीर सवाल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली एनडीए



सरकार की विदेश नीति के विफल रहने के कारण आज पूरा देश तेल और एलपीजी संकट से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री के लगातार विदेशी दौरों के बावजूद देश कूटनीतिक संबंधों और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने केंद्र में केवल कुछ नेताओं के हाथों में सत्ता की बागडोर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा रुझान लोकतंत्र के लिए बेहद घातक है। मुख्यमंत्री ने कहा, देश को एलपीजी और तेल संकट का पहले ही अनुमान होना चाहिए था और आम लोगों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए समय रहते उचित प्रबंध किए जाने चाहिए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से शनिवार को पंजाब दौरे के दौरान की गई टिप्पणियों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह ने लोगों को गुमराह करने और नशे के मुद्दे पर पंजाब को बदनाम करने के लिए झूठे बयान दिए। मुख्यमंत्री गृह मंत्री को चुनौती दी कि वे अपने नियंत्रण वाली केंद्रीय एजेंसियों की विफलताओं के बारे में जनता को बताएं। उन्हें बताना चाहिए कि बीएसएफ और अन्य केंद्रीय एजेंसियां सीमा पार से नशे की तस्करी रोकने में क्यों असफल रहीं। मुख्यमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों में भी नशीले पदार्थों की बड़ी बरामदगियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के गृह राज्य में मुंद्रा बंदरगाह से 3,000 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ बरामद किए गए, लेकिन इस पर चुप्पी साध ली गई। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे टिप्पणी की कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में निर्णय लेने का काम कुछ गिने-चुने हाथों में ही सीमित है। उन्होंने कहा कि केवल दो 'बड़े' व्यक्तियों को छोड़कर पूरी केंद्रीय कैबिनेट में कोई मंत्री निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी नहीं है, और छोटे-छोटे फैसले भी यही जोड़ी लेती है, जो देश को तानाशाही ढंग से चला रही है। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ने देशवासियों को समस्याओं की दलदल में धकेल दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हिंदी फिल्मों के पोस्ट-प्रोडक्शन तथा शूटिंग को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पहले ही ठोस पहल शुरू की जा चुकी है।

### हिमाचल में बिजली की नई दरों का प्रारूप तैयार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर फैसला इसी सप्ताह आने की संभावना है। राज्य बिजली बोर्ड की ओर से दायर बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब नियामक आयोग नई दरों की घोषणा की तैयारी में है। उम्मीद है कि आने वाले तीन से चार दिनों में नए टैरिफ का एलान किया जा सकता है। नई दरें पहली अप्रैल से प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है। 22 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं की नजर अब आयोग के फैसले पर टिकी हुई है। राज्य बिजली बोर्ड ने अपने बढ़ते खर्च को देखते हुए बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। बोर्ड ने आयोग के समक्ष दायर याचिका में घरेलू और अन्य श्रेणियों के लिए बिजली की दरों में 7 पैसे से लेकर 30 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी की मांग की है। बिजली बोर्ड का तर्क है कि सरकार की ओर से मिलने वाली फ्री बिजली के बंद होने के बाद बिजली की सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए बोर्ड को बिजली खरीदनी पड़ेगी। इससे बोर्ड का खर्च बढ़ रहा है, इसे पूरा करने के लिए दरों में बढ़ोतरी की जानी प्रस्तावित है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली बोर्ड की याचिका पर तीन बार सुनवाई की है। इसके अलावा आयोग ने सभी पक्षों के साथ एक खुला संवाद भी शिमला में किया था। इसमें औद्योगिक, घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर व्यवसायिक उपभोक्ताओं व अन्य हितधारकों को अपनी बात रखी है। सभी सुझावों और आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने नई बिजली दरों का प्रारूप तैयार कर लिया है। अब अंतिम औपचारिक घोषणा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।संशोधित करने के लिए याचिका दायर करता है।

## साक्षरता की ओर बढ़ाया कदम, फरीदाबाद में बुजुर्गों ने दी उल्लास परीक्षा

### पहले चरण में 2900 परीक्षार्थी बैठे

**फरीदाबाद, एजेंसी।** पढ़ाई के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती है। यह शहर के बुजुर्गों ने साबित कर दिया है। 35 केंद्रों पर रविवार को आयोजित हुई उल्लास चरण एक की परीक्षा में 2900 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें 350 से अधिक संख्या 60 वर्ष से ज्यादा के बुजुर्गों की थी। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उल्लास योजना का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति पढ़ना-लिखना सीखता है तो वह अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने में सक्षम बनता है, साथ ही आर्थिक रूप से मजबूत बनता है। योजना के तहत अध्यापकों ने दिसंबर और जनवरी में घर-घर जाकर सर्वे किया था, इस दौरान 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को पढ़ाई का महत्व बताया गया था। इन लोगों को सामाजिक चेतना केंद्रों पर शब्दों का ज्ञान दिया गया, जिससे वह परीक्षा के लिए तैयार हो सके। रविवार शिक्षकों की निगरानी में बुजुर्गों ने परीक्षा दी। परीक्षा का परिणाम तीन दिन बाद उल्लास के पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। परीक्षा पास करने वाले लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद पढ़ना-लिखना सिखाया जाएगा। ट्रेनिंग के छह महीने बाद उल्लास की दूसरे चरण की परीक्षा का आयोजन सितंबर में किया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले लोगों को उनकी रुचि के अनुसार लोन दिलाकर शिक्षा विभाग द्वारा रोजगार स्थापित करने में मदद की जाएगी। जिससे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। उल्लास योजना के तहत सभी स्कूलों



में अध्यापकों की निगरानी में परीक्षा का आयोजन किया गया। जो लोग केंद्रों पर पहुंचने में असमर्थ थे, उनको घर से परीक्षा देने की सुविधा प्रदान की गई। परीक्षा का परिणाम पोर्टल पर अपडेट होगा, उत्तीर्ण होने वाले लोग अगली परीक्षा में शामिल होंगे।

शिक्षा का महत्व जब समझ आए तभी हाथ में किताब और कलम थाम लेनी चाहिए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पढ़ाई की उम्र में पढ़ने का सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब मौका मिला है तो पढ़ने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। परिवार की जिम्मेदारी के कारण किताबें हाथ से छूट गई। एक दिन गली में सरकारी स्कूल के अध्यापक ने उल्लास योजना के बारे में बताया तो मानों ऐसा लगा कि बचपन का वह सपना आज पूरा हो सकता है। प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी में पोते-पोतियों ने साथ दिया है। आज परीक्षा दी है, अगली चरण की परीक्षा में भी जरूर शामिल होंगे।

## चंडीगढ़ नगर निगम का बड़ा निर्णय कम्युनिटी सेंटर गेस्ट हाउस में बदलेंगे

### ● रुक सकेंगे पर्यटक, बेहद कम चार्ज पर मिलेंगे कमरे

**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रशासक के आदेश पर नगर निगम अफसरों ने बड़ा निर्णय लिया है। अब कम्युनिटी सेंटरों को गेस्ट हाउस में बदला जाएगा। चरणबद्ध तरीके से यह काम होगा। गेस्ट हाउस में ऊपरी मंजिलों पर गेस्ट रूम बनेंगे। पर्यटकों को होटलों से बेहद कम चार्ज पर रूम उपलबध हो सकेंगे। जिन कम्युनिटी सेंटर में रूम अभी बन सकते हैं उनकी पहचान की जा रही है। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने निगम अधिकारियों को कम्युनिटी सेंटरों का गेस्ट हाउस के तौर पर प्रयोग करने का सुझाव दिया था। कहा था कि फाइव, फोर, थ्री स्टार होटल में नहीं रुक सकने वालों के लिए खाली रहने वाले कम्युनिटी सेंटर खोलने चाहिए।

इससे उन लोगों को भी पर्यटन स्थलों को घूमने का अवसर मिलेगा। सस्ते में ठहरने की व्यवस्था हो जाएगी साथ ही नगर निगम को 12 महीने आय होने लगेगी। अभी कम्युनिटी सेंटर केवल शादी ब्याह जैसे कार्यक्रमों के लिए ही बुक होते हैं। यह भी केवल सीजन में बुक होते हैं। बाकी समय खाली ही रहते हैं। अभी चंडीगढ़ में सरकारी यूटी गेस्ट हाउस दो ही हैं। इनमें एक मुख्य स्टेट गेस्ट हाउस सेक्टर-6 में है। दूसरा गेस्ट हाउस सेक्टर-18 में है। हालांकि, यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में हर किसी की बुकिंग नहीं होती। वहां अधिकारियों और खास वर्ग को ही जगह मिल जाती है। जबकि सेक्टर-18 गेस्ट हाउस की बुकिंग भी आम आदमी की पहुंच से बाहर है। साथ ही यहां भी सीमित रूम ही उपलब्ध हैं।



**एसी से लेकर पार्किंग की बेहतर सुविधा:** चंडीगढ़ में 40 से अधिक कम्युनिटी सेंटर का नेटवर्क है, जो शहर के हर हिस्से में मौजूद हैं। इनमें बहुत से कम्युनिटी सेंटर ऐसे हैं जिनमें एसी से लेकर कई अन्य सुविधाएं भी हैं। साथ ही पार्किंग स्पेस और मार्केट से कनेक्टिविटी है। एक बार निगम सदन की बैठक में कई पार्षदों ने भी कम्युनिटी सेंटर में गेस्ट रूम या निगम का एक गेस्ट हाउस बनाने का मुद्दा उठाया था। हालांकि बात इससे आगे नहीं बढ़ी थी। चंडीगढ़ भौगोलिक रूप से हिमालय पर्वत का ट्रांजिट प्वाइंट है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लेह लद्दाख, जम्मू एंड कश्मरी, पंजाब जैसे प्रदेशों के प्रमुख पर्यटन स्थलों को चंडीगढ़ से ही होकर जाया जाता है। इसलिए यहां पर्यटकों की आवाजाही बहुत ज्यादा रहती है। पहाड़ी क्षेत्रों में जाने वाले गेस्ट एक या दो दिन चंडीगढ़ में रुकते हैं। बीच में से होकर गुजरते हैं। चंडीगढ़ के होटलों में आक्यूपेंसी रेट हमेशा ही हाई रहता है। जबकि यहां चार या पांच बड़े होटलों को छोड़कर बाकी सभी एससीओ में चलने वाले छोटे होटल हैं। अर्बन इनोवेशन समिट में प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा था कि शहर की रचना लोकल रहने वालों के हिसाब से की है। बाहर से कितने लोगों का आना जाना होगा इस बात की कल्पना नहीं की गई। उसके हिसाब से न तो सड़क बनाई और न ही उनके ठहरने की जगह बनाई है और न ही सुविधा देने के लिए पहले से कोई इंफ्रास्ट्रक्चर है।

## गुरुग्राम टू वडोदरा सिर्फ 10 घंटे में... दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर देश की पहली 8 लेन टनल तैयार

### ● 20 से 22 घंटे की बजाय केवल 10 से 12 घंटे में पहुंच सकेंगे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राजस्थान के कोटा में सुरंग का निर्माण कार्य पूरा हो गया। अगले महीने से इसे चालू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह देश की पहली आठ लेन वाली सुरंग है और इसके चालू होने के बाद गुरुग्राम से वडोदरा 20 से 22 घंटे की बजाय केवल 10 से 12 घंटे में पहुंच सकेंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से 1380 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है। यह आठ लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे है। इसे कई हिस्सों में बांटकर बनाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे की शुरुआत सोहना के नजदीक गांव अलीपुर से हो रही है। कोटा से पहले एवं कोटा से आगे वडोदरा तक एक्सप्रेसवे का निर्माण कई महीने पहले पूरा हो चुका है। कोटा में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व है। इसमें काफी संख्या में वन्यजीव हैं। इसे देखते हुए 4.9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाई गई है। वन्यजीव परेशान न हों, इस वजह से निर्माण कार्य के दौरान काफी सावधानी बरती गई। इस वजह से निर्माण में समय अधिक लग गया। सुरंग का निर्माण इस तरह



से किया गया है ताकि वन्यजीवों को आभास तक न हो कि नीचे से वाहन गुजर रहे हैं। अगले महीने से इसे हर हाल में चालू करने की तैयारी है। बताया जाता है कि टनल की पूरी तरह जांच करने के बाद चालू कर दिया जाएगा। बाद में इसका विधिवत शुभारंभ कराया जाएगा। टनल चालू होने के बाद कोटा के नजदीक लगभग 25 किलोमीटर घुमावदार रास्तों से निजात मिल जाएगी। वडोदरा से मुंबई के बीच कुछ हिस्से का निर्माण बचा है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल जून तक बाकी हिस्से का निर्माण पूरा हो जाएगा। इसके बाद गुरुग्राम से मुंबई 24 घंटे की बजाय 12 घंटे में पहुंच जाएंगे। बता दें कि इस एक्सप्रेसवे पर वाहन 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से चल रहे हैं। कई बार 200 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से भी वाहनों के चलने की शिकायत सामने आ चुकी है। फिलहाल प्रतिदिन औसतन 25 से 30 हजार वाहन एक्सप्रेसवे से निकल रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल: पीड़ित परिवार ने दरिंदगी की शिकार महिला डॉक्टर की तस्वीर साझा कर मांगा न्याय

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त, 2024 को दरिंदगी की शिकार हुई प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की तस्वीर उसके पिता ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर इंटरनेट मीडिया पर साझा की है। तस्वीर में पीड़िता का चेहरा नहीं छिपाया गया है। यह तस्वीर तेजी से प्रसारित हो रही है। कई लोगों ने माता-पिता के साहस की सराहना की है और न्याय की मांग दोबारा उठाई है। तस्वीर में पीड़िता अपने माता-पिता के साथ मुस्कुराते हुए खड़ी है। मालूम हो आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन भवन में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। घटना में कोलकाता पुलिस के सिविक वॉलेंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था। शुरुआत में पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। बाद में, कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ले ली। सीबीआई ने आरोपपत्र में संजय का नाम एकमात्र आरोपित के रूप में दर्ज किया था। बाद में सियालदह कोर्ट ने उसे दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बता दें कि यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करना अपराध है। पीड़िता के पिता का कहना है कि जब तक न्याय अधूरा है, पीड़िता को गुमनाम रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि असली अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## हिमाचल में बर्फबारी और बारिश, सूखे से मिली राहत

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में ऊंचे क्षेत्रों रोहतांग, कुंजुम और बारालाचा में करीब एक फीट ताजा हिमपात हुआ है। जबकि लाहुल स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों सहित सोलंगनाला, अटल टनल में करीब चार से





छह इंच हिमपात हुआ है। उधर नारकंडा और रोहड़ू में बर्फ के फाहे गिरे। कुफरी, मशोबरा, शिमला और ठियोग में ओलावृष्टि हुई है। ताजा हिमपात और व्यापक वर्षा ने सूखे से कुछ राहत अवश्य दी है और संजीवनी का कार्य करेगी। चार फरवरी के बाद प्रदेश में व्यापक वर्षा नही हुई थी अब प्रदेश में व्यापक वर्षा हुई है। ऐसे में सेब सहित अन्य फलों और रबी की फसलों के लिए फायदेमंद होगी। इसके साथ ही पर्यटन कारोबार को पंख लगाने के साथ मार्च में पड़ रही मई जून से गर्मी से राहत दिलाई है और 10 डिग्री से अधिक दिन का तापमान गिर गया है। जो सामान्य से 5 से 9 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा था अब सामान्य से कम हो गया है। प्रदेश में लगातार तेज धूप के कारण आठ स्थानों का तापमान 30 के पार पहुंच गया था रविवार को केवल नाहन का 28.7 डिग्री सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। रविवार को प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में सुबह से रुक-रुक कर हिमपात और वर्षा का क्रम जारी रहा। 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज आंधी चलती रही। इसके कारण दिन के तापमान में भारी गिरावट आई है। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा कुल्लू के भुंतर में 12, मनाली व मंडी में 8, सोजन और शिमला में छह मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट ऊना और कसौली में 10.2 डिग्री, चंबा में 9.8, कांगड़ा 8, सुंदरनगर में 6, शिमला, सुंदरनगर में 5.4 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार को मंडी, कांगड़ा, सोलन और शिमला में 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। 16 मार्च को भी हिमपात और वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान है। प्रदेश में ताजा हिमपात और वर्षा के बाद न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट आई है। शिमला में सबसे अधिक 2.4 डिग्री की गिरावट आई है। हालांकि तापमान में कुछ स्थानों पर एक डिग्री से अधिक की गिरावट आई है। प्रदेश में फरवरी में सामान्य से 85 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई और मार्च माह में अब वर्षा हो रही है।

## सिलेंडर आपूर्ति बाधित होने से भोजन पर संकट



**फरीदाबाद, एजेंसी।** एलपीजी गैस की आपूर्ति में रूकावट पैदा होने से शहर में जरूरतमंद लोगों को सस्ती थाली उपलब्ध करवाने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के सामने भी संकट पैदा हो गया है। शहर में अलग-अलग जगहों पर 20 से अधिक संस्थाएं पांच हजार से अधिक लोगों को प्रतिदिन 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध करवाती है। इन जगहों पर अधिकतर फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिक खाना खाने के लिए आते हैं। हालांकि अभी तक किसी भी संस्था ने अपनी रसोई को बंद नहीं किया है। लेकिन गैस आपूर्ति की किल्लत लंबी चली तो स्थिति खराब हो सकती है। एनआइटी में दौलतराम धर्मशाला के सामने सीता की रसोई चलाने वाले महेंद्र बताते हैं कि उनके यहां पर प्रतिदिन 700 से 800 लोग खाना खाने के लिए आते हैं। वह सभी को 10 रुपये में थाली देते है। अभी तो संस्था के सदस्यों के सहयोग से एक दूसरे का सिलिंडर लेकर रसोई का काम चल रहा है। लेकिन लंबे समय तक ऐसा करना मुश्किल है। वह कहते हैं कि उनका एक सिलिंडर 15 से 20 दिन चलता है। हालात से निपटने के लिए दूसरे विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। सेक्टर-22 श्मशान घाट के पास सस्ते थाली की रसोई चलाने वाले सीके राय बताते हैं कि अभी तक तो किसी तरह का संकट पैदा नहीं हुआ है। लोगों के सहयोग से उनकी रसोई सही चल रही है।

### साढ़े पांच साल बाद भी प्यासा गुरुग्राम का मानेसर, टैंकर के पानी पर निर्भर डेढ़ लाख लोग

**मानेसर (गुरुग्राम), एजेंसी।** नगर निगम मानेसर का गठन हुए बुधवार को पूरे साढ़े पांच साल होने को हैं। अभी तक नगर निगम निवासियों को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करा सका है। यहां के करीब डेढ़ लाख निवासी पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। अभी तक जीएमडीए की पानी सप्लाई लाइन को वार्ड 13 से नहीं जोड़ा गया है। वार्ड 13 के गांव खोह में पहले लोग भूजल पर निर्भर थे लेकिन अब क्षेत्र में आठ सौ से एक हजार फुट तक भूजल स्तर पहुंच चुका है। ऐसे में यहां किए गए सभी बोरवेल से पानी आना बंद हो गया है। वार्ड में कुल तीन बोर अभी चल रहे हैं। जिनका भी भरोसा नहीं है कब तक चलेंगे। गांव खोह के करीब सात सौ मकानों में स्थानीय निवासियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिक भी किराए पर रहते हैं। आज स्थिति यह है कि गांव में पानी के टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने दूसरे गांवों सहरावन और कासन से पानी खरीद रखा है। वह पानी की लाइन डालकर अपने मकानों तक पानी पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत, विधायक बिमला चौधरी, मेयर डा इंद्रजीत कौर, नगर निगम आयुक्त समेत कई जगह शिकायत दी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पानी आमजन के लिए सबसे आवश्यक होता है लेकिन नगर निगम द्वारा अभी तक गांव को पानी मुहैया नहीं कराया गया है।

## चुनाव आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन आयोग का बड़ा एक्शन

### बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव को पद से हटाया

**कोलकाता, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद बंगाल में शनिवार शाम चुनाव आचार संहिता लागू होने के कुछ ही घंटों के भीतर निर्वाचन आयोग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के दो शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों- मुख्य सचिव और गृह सचिव को देर रात उनके पद से हटा दिया। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव पद से नंदिनी चक्रवर्ती को हटाकर उनकी जगह दुष्यंत नरियाला (आइएएस-1993 बैच) को बंगाल का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। वहीं, संघमित्रा घोष (आइएएस-1997 बैच) को राज्य के गृह व पर्वतीय मामले विभाग का नया प्रधान सचिव बनाया गया है। ये दोनों नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दोनों अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से पदभार संभालने का निर्देश दिया है। आयोग ने अपने पत्र में कहा है कि इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और राज्य सरकार से उपर्युक्त अधिकारियों के ज्वाइन करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट सोमवार दोपहर तीन बजे तक भेजने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, जिन




अधिकारियों को हटाया या तबादला किया गया है, उन्हें चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव से संबंधित पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह फैसला चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। चुनाव की घोषणा के महज कुछ ही घंटों के भीतर राज्य के दो शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को पदक से अचानक हटाने का निर्वाचन आयोग का यह फैसला अपने आप में अभूतपूर्व है। चुनाव आयोग आमतौर पर चुनावों के दौरान प्रशासनिक ढांचे में ऐसे बदलाव करता है ताकि सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रहकर किया जा सके। मालूम हो कि शाम में बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है और इसी के बाद आयोग ने यह त्वरित कार्रवाई की है। बताते चलें कि पद से हटाई गईं 1994 बैच की आइएएस अधिकारी नंदिनी चक्रवर्ती करीब ढाई माह पहले ही राज्य की प्रथम महिला मुख्य सचिव बनीं थीं। डॉ. मनोज पंत के सेवानिवृत्त होने के बाद नंदिनी चक्रवर्ती को उनकी जगह नियुक्त किया गया था। राज्य में पहली बार किसी महिला आइएएस अधिकारी को मुख्य सचिव का पदभार सौंपा गया था। नंदिनी के मुख्य सचिव बनने पर उसी दिन जगदीश प्रसाद मीणा को उनकी जगह राज्य का गृह सचिव बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि नंदिनी चक्रवर्ती, इससे पहले राज्य के कई विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

*अगर भारत इस चुनौतीपूर्ण समय में संयम के साथ कदम उठाता है, तो वह न केवल इस संभावित ऊर्जा संकट से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी मजबूत आधार तैयार कर सकता है। ऐसी परिस्थितियां कठिन जरूर होती हैं, लेकिन सही नीति और दूरदर्शिता के माध्यम से इन्हें अवसर में भी बदला जा सकता है। यही समय है संतुलित और भविष्योन्मुखी बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे।*

## संपादकीय

### क्या पश्चिम एशिया का युद्ध खत्म कर देगा घर की गैस?

पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से जैसे हालात बन गए हैं और जैसे-जैसे दिन लंबे खिंचते जा रहे हैं, उसके असर का दायरा भी बढ़ने लगा है। युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह की रणनीतियां अपनाई जा रही हैं, उसके कारण वैसे देश भी बुरी तरह प्रभावित हो हैं, जो टकराव से दूर हैं। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचा पश्चिम एशिया प्रभावित है और इसका खाड़ी देशों में तेल उत्पादन पर खासा असर पड़ा है।इस बीच ईरान ने जिस तरह होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित कर दिया है, उसके बाद उस मार्ग से होकर दुनिया के कई देशों में तेल की आपूर्ति भी रुक गई है। खासतौर पर भारत में तेल और गैस की दिक्कत जिस रूप में देखी जा रही है, वह कई स्तर पर चिंता पैदा करती है। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया है कि देश के पास रणनीतिक और व्यावसायिक भंडार की पर्याप्त मात्रा मौजूद है और घरों तथा वाहनों के लिए इसमें कोई कटौती नहीं की गई है।सरकार ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की गैरजरूरी जमाखोरी से बचने की अपील की है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित बता रही है, दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से बाजार में रसोई गैस के लिए अफरा-तफरी की खबरें आ रही हैं। सवाल है कि जब सरकार सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रही है, जमाखोरी न करने की हिदायत दे रही है, तब भी लोगों के बीच रसोई गैस की कमी होने की आशंका कैसे फैल गई।असल में जब ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को रोक दिया और उसका असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ने लगा, तब सरकार ने न केवल खाना पकाने के गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, बल्कि पच्चीस दिन के बाद ही नया सिलेंडर मिलने की शर्त लगा दी। शायद यही वजह है कि लोगों के बीच यह धारणा बनी कि आने वाले दिनों में रसोई गैस की किल्लत होने वाली है।इसी के बाद एहतियातन रसोई गैस के सिलेंडर लेने की एक तरह से होड़ मच गई, जिसका फायदा कालाबाजारी करने वालों ने उठाया और कई जगहों से ऊंची कीमतों पर सिलेंडर बेचे जाने की खबरें आईं। इसी तरह, बिजली से चलने वाले चूल्हों की बिक्री में खासा इजाफा देखा गया।

## पश्चिम एशिया का संकट-भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

**(जयदेव राठी)**

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को एक बार फिर अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस की आपूर्ति से जुड़े समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने लगा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। ऐसी स्थिति में भारत जैसे ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर देश के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है। भारत की आर्थिक गतिविधियां, उद्योग, परिवहन व्यवस्था और आम लोगों का दैनिक जीवन काफी हद तक पेट्रोलियम उत्पादों और गैस पर निर्भर करता है। इसलिए मध्य-पूर्व में किसी भी प्रकार का सैन्य संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित करता है। इस परिस्थिति में भारत सरकार को न केवल ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करनी होगी, बल्कि अफवाहों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चितता पर भी नियंत्रण रखना होगा। मध्य-पूर्व लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आपूर्ति क्षेत्रों में शामिल रहा है। खाड़ी क्षेत्र से दुनिया के अनेक देशों को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले किसी भी संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे अधिक चिंता समुद्री मार्गों को लेकर है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले अधिकांश तेल टैंकर महत्त्वपूर्ण समुद्री रास्तों से होकर गुजरते हैं। अगर युद्ध के कारण इन मार्गों पर अवरोध उत्पन्न होता है, तो तेल की आपूर्ति में गंभीर बाधा आ सकती है। साथ ही जहाजों की सुरक्षा, बीमा लागत और परिवहन खर्च भी बढ़ जाता है, जिसका प्रभाव आखिर तेल की कीमतों पर दिखाई देता है। भारत की ऊर्जा संरचना को देखें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था अभी भी बड़े पैमाने पर आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरत का लगभग अस्सी फीसद से अधिक आयात करता है। इनमें से एक बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व के देशों से आता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ते ही भारत में ऊर्जा बाजार को लेकर चिंता बढ़ जाती है। अगर युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति बाधित होती है या कीमतों में तेज वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव सीधे भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव होता है। परिवहन महंगा होने से वस्तुओं की ढुलाई की लागत बढ़ती है, जिससे बाजार में कई वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित होता है, क्योंकि खेती से जुड़े कई उपकरण और परिवहन व्यवस्थाएं पेट्रोलियम उत्पादों पर आधारित हैं। इसी तरह, उद्योगों में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ने की संभावना बनती है और आम लोगों की क्रय शक्ति पर असर पड़ता है। प्राकृतिक गैस की स्थिति भी भारत के लिए उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। देश के कई उर्वरक संयंत्र, बिजली उत्पादन इकाइयां और औद्योगिक इकाइयां गैस पर निर्भर हैं। भारत अपनी गैस जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है और इसका बड़ा भाग भी मध्य-पूर्व से आता है। अगर युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उर्वरक और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। इससे कृषि और उद्योग, दोनों क्षेत्रों पर दबाव बढ़ सकता है। ऊर्जा संकट का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है। ऊर्जा संसाधनों की कमी या कीमतों में अत्यधिक वृद्धि से किसी भी देश की विकास गति प्रभावित हो सकती है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए ऊर्जा की निरंतर उपलब्धता बेहद जरूरी है। अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो इससे देश का आयात खर्च बढ़ने के साथ-साथ व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसका असर मुद्रा विनिमय दर और वित्तीय संतुलन पर भी पड़ेगा। इन चुनौतियों को देखते हुए भारत सरकार के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाए। सबसे पहले सरकार को विभिन्न देशों से तेल और गैस की खरीद के विकल्पों को मजबूत करना होगा, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। इसके साथ ही रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का उपयोग भी संकट के समय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक तेल भंडार तैयार किए हैं, जिनका उद्देश्य आपात स्थिति में देश की ऊर्जा जरूरतों को कुछ समय तक पूरा करना है। हालांकि केवल भंडार बनाना ही पर्याप्त नहीं है। सरकार को ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा। रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में पहले ही प्रयास किए जा चुके हैं। इस नीति को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र में संकट उत्पन्न होने पर देश की ऊर्जा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित न हो। ऊर्जा संकट की स्थिति में एक और महत्त्वपूर्ण पहलू समाज में फैलने वाली अफवाहें होती हैं। कई बार सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से ऐसी खबरें फैल जाती हैं कि देश में ईंधन की कमी होने वाली है या पेट्रोल-डीजल की कीमतें अचानक बहुत बढ़ने वाली हैं। ऐसी अफवाहों के कारण लोग घबराहट में ईंधन का अनावश्यक भंडारण करने लगते हैं, जिससे बाजार में कृत्रिम संकट पैदा हो सकता है। इसलिए सरकार और प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि वे समय-समय पर स्पष्ट और प्रामाणिक जानकारी जनता तक पहुंचाते रहें। मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। ऊर्जा संकट जैसे संवेदनशील विषयों पर अतिरंजना या अपुष्ट जानकारी समाज में अनावश्यक भय और भ्रम पैदा कर सकती है। दीर्घकालिक दृष्टि से देखें तो यह संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक प्रयास किए जाएं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा के विकास से भविष्य में तेल और गैस पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी काफी संभावनाएं शेष हैं। मध्य-पूर्व का वर्तमान संकट यह स्पष्ट संकेत देता है कि वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष का प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। भारत के लिए यह समय सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता के साथ नीति बनाने का है। सरकार को ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बाजार में स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। साथ ही अफवाहों और भ्रम की स्थिति से बचने के लिए पारदर्शी सूचना प्रणाली और जिम्मेदार संवाद भी जरूरी है।

## होर्मुज संकट का भारत पर असर, महंगाई का खतरा बढ़ा

रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 92.35 का रेकॉर्ड निचला स्तर छूकर आखिर में मामूली रूप से सुधरा। ईरान युद्ध की वजह से क्रूड ऑयल की कीमत के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने की वजह से रुपये पर दबाव बढ़ा है। भारत अपनी जरूरत का करीब 80त्न क्रूड आयात करता है। इसकी कीमत बढ़ने पर उसके चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका होती है, जिससे मुद्रा की वैल्यू गिरती है। टूटती उम्मीद - होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है, जिससे दुनिया का 20 प्रतिशत और भारत का 40 प्रतिशत क्रूड आता है। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान के बढ़ते हमलों के कारण क्रूड ऑयल के दाम में फिर से तेजी आई है। महंगाई बढ़ेगी- चूंकि भारत की तेल-गैस सप्लाई मुख्य रूप से आयात पर निर्भर है, तो रुपये पर दबाव आना ही है। इसका विदेशी मुद्रा भंडार पर भी असर पड़ेगा और महंगाई बढ़ने का भी अंदेशा है। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गई। अर्थव्यवस्था को नुकसान - अगर क्रूड के दाम लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहते हैं, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी इसका गंभीर असर पड़ने की आशंका है। ऐसी सूरत में रेटिंग एजेंसी आईसीआरए का अनुमान है कि भारत का चालू बचत घाटा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी का 1.9 से 2.2 प्रतिशत तक हो सकता है। व्यापक असर - सरकार ने अभी तेल के दाम में किसी तरह की बढ़ोत्तरी से इनकार किया है। आम उपभोक्ताओं के लिए यह राहत की बात है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर लोगों पर दूसरे रूप में पड़ेगा। और फिर पश्चिम एशिया का संकट केवल तेल व गैस तक सीमित नहीं है।

## 'कुछ मीठा हो जाए' या 'कुछ बीमार हो जाए'? विज्ञापनों के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई

**(प्रभात कुमार)**

आहार का स्वाद बनाए रखने के लिए चीनी और नमक बहुत जरूरी है। दुनिया के मशहूर बावर्ची खास और महंगे व्यंजन पकाते हुए नमक की बारी आने पर कहते हैं- स्वादानुसार। नमक तो ज्यादा खाना वैसे भी संभव नहीं होता। मीठा कम खाने के बारे कोई नहीं कहता, इसलिए मीठा रुकने का नाम नहीं लेता। यह खूब खाया जाता है। इसके असर के बारे में जानते हुए भी लोग इससे बचना जरूरी नहीं समझते। हालांकि मोटापा, मधुमेह और दूसरे कारणों से जब शरीर परेशान होने लगता है, तब मीठा कम करना पड़ता है। हमारी जीवन शैली ही ऐसी है कि चीनी दुखी करने लगे, तब भी किसी न किसी बहाने मीठा खाना छूटता नहीं है। कितने ही लोग सुबह उठकर गोली खा लेते हैं और दिन में गुलाब जामुन पेश किए जाएं, तो उन्हें मुस्कुराकर स्वीकार कर लेते हैं। कोई खुशखबरी जिंदगी में इठलाती हुई प्रवेश कर जाए और जल्दी से कोई मिठाई न मिल सके, तो चीनी को ही मिठाई मान कर मुंह मीठा करा दिया जाता है। वैसे हर मिठाई में चीनी की ही महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। लगभग हर प्रसाद में मिष्ठान खिलाया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ज्यादा मीठा खाते रहना सेहत के लिए दिन पर दिन खतरनाक हुआ जा रहा है। खुशी मनाने और मनवाने के लिए मुंह मीठा करवाना हमारी ऐतिहासिक परंपरा है और परंपराओं से मुंह मोड़ना हमारे यहां सांस्कृतिक गुस्ताखी मानी जाती है। मीठा खाकर आराम से बैठने के कारण राष्ट्रीय सेहत बिगड़ रही है। यह पढ़कर और जानकर कसैला अनुभव होता है कि हमारा देश दुनिया की मीठी राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। आशंका है कि वास्तविकता में यह हो भी चुका हो, क्योंकि सच अब बेचारा हो चुका है। पता नहीं वक्त के किस कोने में सिर झुकाए बैठा होगा। 'कुछ मीठा हो जाए' जैसे विज्ञापनों ने प्यार तो बहुत पाया, तभी सामान भी खूब बिकवाया, लेकिन जितना नुकसान मीठा खाते रहने वालों का हुआ, उतना मीठा खाने वाले नहीं समझते। मिठास के पीछे दुनिया इतनी दीवानी है कि उत्सव और खुशियों की पारंपरिक मिठाई, यानी गुड़ को भी नहीं बख्शा गया। उसे ज्यादा मीठा, कुरकुरा और स्वाद बनाने के लिए उसमें चीनी मिलाना कब से हो रहा है। दर्जनों प्रसिद्ध ब्रांडों की गजक चीनी के सहारे बिक रही है। कितनी ही चीजों में असली चीनी की जगह जो नकली चीनी खिलाई जा रही है, वह असली चीनी से ज्यादा खतरनाक बताई जाती है। अच्छी सेहत के बारे में समझाने वाले उचित ही कहते हैं कि जब बीमारियां दस्तक देना शुरू कर रही हों तो भोजन में चीनी और नमक कम कर देना चाहिए। इस बारे में वाकई संजीदा विचार करना चाहिए और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए कोई विज्ञापन प्रेरित करे या न करे, खुद ही अपने आप से कहा जाए कि मीठा ज्यादा नहीं, अब नमकीन भी कम हो जाए। यह दोनों शरीर में कम प्रवेश करेंगे, तो जिंदगी की असली सेहत सलामत रहेगी और तबीयत भी बार-बार खराब होने से बचा करेगी। यह बिल्कुल सही कहा गया है कि डाक्टर के पास जाकर दवाई खाकर स्वस्थ रहना, स्वस्थ रहना नहीं है, बल्कि डाक्टर के पास न जाकर, स्वानुशासन अपनाकर स्वस्थ रहना ही वास्तव में स्वस्थ रहना है। यह बात दीगर है कि विषाणु, दुर्घटना, प्रदूषण और गरीबी के पड़ोस में तो कोई भी बीमार हो सकता है। खुशी मनाने के लिए 'कड़वा हो जाए' कहने का प्रचलन भी हमेशा रहा है और बढ़ता ही जा रहा है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6032

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आप किसी भी प्रकार के विवादों में ना पड़ें. व्यवसाय में पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें. आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा. बहुत व्यस्त रहेंगे. किसी नई वित्तीय योजना का लाभ उठाने की कोशिश कर सकते हैं. नौकरीपेशा लोगों को काम में शीघ्र सफलता भी नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

### वृष

आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे. आप अपने प्रिय को कोई सरप्राइज दे सकते हैं. दिन के दूसरे चरण में शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. मन से खुश रहने का प्रयास करें. आज नए काम शुरू ना करें. वाणी पर संयम रखें. खान-पान का ध्यान रखें. बिजनेस में कोई विघ्न आ सकता है. ऑफिस का कोई काम बाकी हो, तो उसे आज पूरा कर लें।

### मिथुन

आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे. दैनिक काम में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं. मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे. मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है. दोपहर के बाद मन किसी चिंता में रहेगा।

### तुला

किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है. व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है. हालांकि आर्थिक मोर्चे पर आपको अपनों का साथ नहीं मिलेगा. काम में सफलता के कारण यश मिलेगा. दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है. नौकरीपेशा लोग अपने टारगेट को जल्दी पूरा करने की कोशिश में रहेंगे।

### वृश्चिक

साहित्य और कला में आपकी रुचि रहेगी. पेट से सम्बंधित परेशानी हो सकती है. आपको हल्का भोजन करने की सलाह दी जाती है. अस्वस्थता रहेगी. दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है. हालांकि आय की दृष्टि से दिन सामान्य ही बना रहेगा. घर का वातावरण आनंदमय रहेगा. दोपहर बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा. व्यापार में आपको लाभ होगा।

### धनु

आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है. व्यवसाय में फायदा होगा. नौकरीपेशा लोग अपने टारगेट को पूरा कर सकेंगे. अधीनस्थों का भी सहयोग मिल सकता है. आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी. दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा. घर में किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है।

### कर्क

किसी बात की चिंता से आप तनाव में रहेंगे. सुबह से लेकर दोपहर तक आलस्य छाया रहेगा. माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. इस दौरान आपको मौसमी बीमारियों से खुद को बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए. परिजनों के साथ आपका विवाद हो सकता है. धन हानि के भी योग हैं. संतान या परिवार की जरूरत पर धन भी खर्च होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए लाभदायी है. किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे. व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे. अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे. बिजनेस से सम्बंधित प्रवास का योग है. पिता और बड़ों का आशीर्वाद मिल सकता है. आय में वृद्धि होने की संभावना है. नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या

आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है. सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे. किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है. दोपहर के बाद स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. परिवार में विवाद होने से घर का वातावरण दूषित होगा. धन का खर्च अधिक होगा।

### मकर

निर्धारित काम नहीं होने के कारण हताशा का अनुभव होगा. किसी भी महत्वपूर्ण काम का निर्णय आज ना लें. कॅरियर में भी किसी नए पड़ाव को ढूंढने की जगह अपनी वर्तमान स्थिति को सुधारने का प्रयास करें. आप अपने काम से वरिष्ठों की सहानुभूति प्राप्त कर सकते हैं. दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

### कुंभ

कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें. मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है. आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे. नौकरीपेशा लोगों को टारगेट पूरा करने में कुछ दिक्कत हो सकती है. वाणी पर संयम रखें. दुर्घटना का भय बना रहेगा. दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा. मन में प्रसन्नता छायी रहेगी. परिवार का वातावरण अच्छा रहेगा. आध्यात्मिक विचार रहेंगे।

### मीन

आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है. आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा. शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे. प्रत्येक काम में सफलता मिलने से उत्साह बना रहेगा. कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है. दोपहर के बाद आप कुछ दुविधा में रह सकते हैं।

### वर्ग पहेली 6033



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभांगतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्नमत (2)

### वर्ग पहेली 6032 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | मं | धा | ना | | पे | रू |
| ति | | दि | न | क | र | | चि |
| ई | | थ | | में | में | ह | |
| रा | ल | | क | द | म | | ब |
| नी | च | ता | | म | | ग | या |
| | र | न | | हो | शि | या | र |
| मौ | | से | | ना | क | ना | |
| सा | व | न | | | वा | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है : रोहित शर्मा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट या सीक्रेट नहीं होता और हर उपलब्धि के पीछे कड़ी मेहनत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों द्वारा जीते गए आईसीसी खिताब भविष्य में और बड़ी सफलताओं की शुरुआत साबित होंगे। रोहित ने कहा कि मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ पर्दे के पीछे काम करने वाले सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोगों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

**खिलाड़ियों के साथ सपोर्ट स्टाफ का भी बड़ा योगदान** –रोहित शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना आसान नहीं होता और इसके लिए खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि केवल मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि टीम मैनेजमेंट, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी भी सफलता के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। रोहित के अनुसार टीम की उपलब्धियों का श्रेय सभी लोगों को मिलना चाहिए।

**पुरुष और महिला क्रिकेट की सफलता पर गर्व** – रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलताओं पर खुशी जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का झंडा लगातार ऊंचा लहराया है। उन्होंने कहा कि केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार प्रदर्शन किया है और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। रोहित के मुताबिक भारतीय महिला टीम की उपलब्धियां भी उतनी ही प्रेरणादायक हैं जितनी पुरुष टीम की।

**टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत की याद** – उल्लेखनीय है कि आईसीसी मैंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने खिताब जीता था। इसके बाद मार्च 2025 में भारत ने आईसीसी चैंपियस ट्राफी 2025 भी अपने नाम किया। इन जीतों के बाद भारतीय क्रिकेट में आत्मविश्वास और उत्साह का नया माहौल बना।

**अंडर-19 टीमों ने भी जीते विश्व कप** – भारत की जूनियर टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। पुरुष अंडर-19 टीम ने हाल ही में आईसीसी अंडर टी-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता, जिसकी कप्तानी आयुष म्हात्रे ने की। वहीं महिला अंडर-19 टीम ने भी 2025 में खिताब जीता, जिसकी कप्तान निकी प्रसाद थीं।

**अगला बड़ा टूर्नामेंट महिला टी20 विश्व कप** – भारतीय क्रिकेट के लिए अगला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट आईसीसी वूमेन टी-वर्ल्ड कप होगा, जो 12 जून से ब्रिटेन में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप-1 में पाकिस्तान, नीदरलैंड, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है।

# पूजा गहलोत की कुश्ती के खिलाफ थे पिता, हालात से लड़कर बनाई पहचान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने से पहले कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं। भारत की होनहार महिला पहलवान पूजा गहलोत ने अखाड़े में उतरने से पहले कई ऐसी ही जंग लड़ी। आर्थिक तंगी के साथ-साथ पूजा के पिता उन्हें कुश्ती खेलते हुए नहीं देखना चाहते थे। हालांकि, पूजा के बुलंद हौसलों के आगे एक दिन पिता को भी झुकना पड़ा। पूजा गहलोत का जन्म दिल्ली के लांपुर गांव में हुआ। बचपन से ही पूजा को खेलों में खास रुचि थी। कुश्ती का खेल पूजा के दिल के थोड़ा ज्यादा करीब था। हालांकि, उस दौर में लड़कियों का कुश्ती खेलना सामान्य बात नहीं माना जाता था। खुद पूजा के पिता नहीं चाहते थे कि वह इस खेल में करियर बनाएं। पूजा की प्रतिभा को चाचा धर्मवीर सिंह ने पहचाना, और वह ही उनको महज 6 साल की उम्र में अखाड़े लेकर गए। पिता की सख्ती के चलते पूजा ने पहले वॉलीबॉल खेलना शुरू किया लेकिन बाद में वह कुश्ती के खेल में रम गईं। चाचा धर्मवीर ने पूजा को कुश्ती की बारीकियां सिखाईं और इसके बाद पूजा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूजा ने 2017 में एशियन जूनियर चैंपियनशिप में लाजवाब प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। पूजा गहलोत पहली बार साल 2019 में सुर्खियों में आईं। उन्होंने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक को अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप से पहले कंधे की चोट के कारण पूजा को दो साल तक कुश्ती से दूर रहना पड़ा था। हालांकि, पूजा ने जबरदस्त वापसी करते हुए हर किसी को दिखाया कि वह इस खेल के लिए ही बनी हुई हैं। साल 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में पूजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला।

## एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप

# इंग्लैंड ने फाइनल में भारत को 2-0 से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रही। शनिवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी हॉकी ग्राउंड में हुए फाइनल मुकाबले में टीम को इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की ओर से ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) और एलिजाबेथ नील (43वें मिनट) ने गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। नवनीत कौर ने शुरुआती दो मिनट के अंदर ही अपनी टीम के लिए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, इस सेट पीस से उन्होंने जो ड्रैग फ्लिक लगाई, उसे इंग्लैंड की गोलकीपर ने रोक दिया। मेजबान टीम ने जबरदस्त अनुशासन दिखाया। उन्होंने अपने डिफेंस को मजबूत बनाए रखा और साथ ही विरोधी टीम के पाले में भी सेंध लगाने की कोशिशें जारी रखीं। हालांकि, पहले क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड ने मैच में अपनी पकड़ मज़बूत कर ली और दो मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने अपनी ड्रैग फ्लिक से गोल किया और इस टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर से अपना पांचवां गोल दागते हुए इंग्लैंड को 1-0 की बढ़त दिला दी।दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर जैसा ही रहा। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ में 8 बार सर्कल में घुसने के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के डिफेंस को तो चुनौती दी, लेकिन वह इंग्लैंड की गोलकीपर को भेदने में नाकाम रहा। इसका फायदा उठाते हुए मेहमान टीम हाफ टाइम तक अपनी एक गोल की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। बढ़त हासिल करने के बाद, इंग्लैंड ने गेंद को बेहतरीन तरीके से पास किया और मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। भारत को दबाव बनाने के कुछ मौके मिले, लेकिन मेहमान टीम का डिफेंस मजबूती से डटा रहा।

# हेड कोच का ऋषभ पंत को जोरदार समर्थन, बोले- चैंपियन ज्यादा देर तक नहीं रुकते

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने टीम के कप्तान ऋषभ पंत का जोरदार समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी कभी भी लंबे समय तक खराब दौर में नहीं रहते और पंत भी जल्द अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी करेंगे। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने वाला है और उससे पहले टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि पंत इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**पंत की फॉर्म को लेकर चिंता नहीं-लैंगर** – जस्टिन लैंगर ने पंत की हालिया फॉर्म को लेकर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि टीम को अपने कप्तान पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के आखिर में पंत ने कुछ बेहतरीन पारियां खेली थीं और टीम को उम्मीद है कि वह इस सीजन भी उसी अंदाज में बल्लेबाजी करेंगे। लैंगर के मुताबिक, बड़े खिलाड़ी मुश्किल दौर से जल्दी बाहर निकल आते हैं और पंत भी उनमें से एक हैं।

**युवराज सिंह के साथ की खास ट्रेनिंग** – आईपीएल 2026 से पहले ऋषभ पंत ने अपनी तैयारी को और मजबूत करने के लिए मुंबई में विशेष ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। यह ट्रेनिंग उस समय हुई जब पंत पिछले कुछ समय से चोट की समस्या से जूझ रहे थे। लैंगर ने बताया कि अभ्यास सत्र से मिली शुरुआती रिपोर्ट बेहद सकारात्मक है और पंत शारीरिक तथा मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

**चोट के बाद वापसी की तैयारी** – 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। वडोदरा में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली वनडे सीरीज से पहले एक अभ्यास सत्र के दौरान उन्हें साइड स्ट्रेन की चोट लगी थी। इसके बाद से वह रिकवरी और फिटनेस पर काम कर रहे हैं ताकि आईपीएल 2026 में पूरी तरह फिट होकर उतर सकें।




**एलएसजी को पंत से बड़ी उम्मीद** – लखनऊ सुपर जायंट्स को इस बार अपने कप्तान से काफी उम्मीदें हैं। पिछले सीजन में टीम का प्रदर्शन खास नहीं रहा था और एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। ऐसे में फ्रेंचाइजी चाहती है कि पंत इस बार मिडिल ऑर्डर की मजबूत कड़ी बनकर टीम को बेहतर नतीजे दिलाएं।

**आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी** – ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। एलएसजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो लीग के इतिहास का सबसे बड़ा कॉन्ट्रैक्ट माना जाता है। हालांकि पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। आईपीएल 2025 में उन्होंने 14 मैचों में 269 रन बनाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 133.16 रहा।

**पिछले सीजन की शानदार पारी** – हालांकि सीजन के आखिरी मुकाबले में पंत ने शानदार वापसी के संकेत दिए थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके बावजूद टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी और सातवें स्थान पर ही रही।

**आईपीएल में शानदार रिकॉर्ड** – हालिया चुनौतियों के बावजूद ऋषभ पंत का आईपीएल रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 110 से ज्यादा मैचों में 3200 से अधिक रन बनाए हैं। उनका करियर स्ट्राइक रेट 145 से ज्यादा है। पंत के नाम टूर्नामेंट में 2 शतक और 19 अर्धशतक भी दर्ज हैं, जो उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल करता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान

# सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। लगभग दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने रविवार को अपने इंटरनेशनल करियर को अलविदा कह दिया।सरफराज पाकिस्तान के उन खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं जिन्होंने टीम को कई यादगार जीत दिलाई और खासकर आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 2017 में ऐतिहासिक खिताब जिताकर बड़ी पहचान बनाई।

**तीनों फॉर्मेट में शानदार करियर** – सरफराज अहमद ने पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेला। उन्होंने अपने करियर में 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले। इन मैचों में उन्होंने कुल 6,164 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं।




### 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में दिलाई ऐतिहासिक जीत

सरफराज अहमद के करियर का सबसे बड़ा पल आईसीसी चैंपियस ट्राफी 2017 रहा। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस जीत के साथ सरफराज पाकिस्तान के पहले कप्तान बने जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

### जूनियर और सीनियर स्तर पर भी जीता आईसीसी खिताब

सरफराज अहमद की कप्तानी की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि उन्होंने जूनियर और सीनियर दोनों स्तरों पर आईसीसी ट्रॉफी जीती। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2006 में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम को खिताब दिलाया था। उस फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 38 रन से हराया था।

### 2007 में किया था डेब्यू, 2023 में खेला आखिरी मैच

सरफराज अहमद ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 2007 में वनडे के रूप में खेला था। वहीं उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में खेला था। इसके बाद अब उन्होंने आधिकारिक रूप से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

### रिटायरमेंट पर सरफराज अहमद का भावुक संदेश

संन्यास की घोषणा करते हुए सरफराज अहमद ने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने अपने साथियों, कोच, परिवार और फैंस का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट उनके दिल के बेहद करीब है और वह आगे भी किसी न किसी रूप में खेल का समर्थन करते रहेंगे।

## टी20 वर्ल्ड कप

# तीन डक के बाद भी नहीं टूटा भरोसा, गौतम गंभीर ने अभिषेक शर्मा को दी थी खास सलाह




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने युवा ओपनर अभिषेक शर्मा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बावजूद टीम मैनेजमेंट ने अभिषेक पर भरोसा बनाए रखा। गंभीर ने बताया कि उन्होंने युवा बल्लेबाज को डर के बिना अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी थी।

**खराब शुरुआत के बावजूद टीम का भरोसा** – टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मुकाबलों में अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह लगातार तीन मैचों में डक पर आउट हो गए थे। इसके बाद उनकी फॉर्म को लेकर काफी सवाल उठने लगे थे। हालांकि टीम मैनेजमेंट ने उन्हें लेकर कोई संदेह नहीं जताया और उन्हें लगातार समर्थन दिया।

**गंभीर ने अपने करियर का उदाहरण दिया** – गौतम गंभीर ने अभिषेक को समझाने के लिए अपने करियर का एक अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि 2014 के आईपीएल सीजन में वह खुद भी खराब दौर से गुजरे थे और लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुए थे। गंभीर ने कहा कि कई बार खिलाड़ी फॉर्म में होते हैं, लेकिन रन नहीं बन पाते। इसलिए सिर्फ स्कोरकार्ड देखकर किसी खिलाड़ी का आकलन करना सही नहीं होता।

**'20-30 गेंद खेलने के बाद ही पता चलता है फॉर्म'** – गंभीर के अनुसार किसी बल्लेबाज की फॉर्म का सही अंदाजा तब ही लगाया जा सकता है जब वह क्रीज पर कुछ समय बिताए।उन्होंने कहा कि जब तक बल्लेबाज 20 से 30 गेंदों का सामना नहीं करता, तब तक यह कहना मुश्किल होता है कि वह फॉर्म में है या नहीं। इसी वजह से उन्होंने अभिषेक को अगले मैच में और भी ज्यादा आक्रामक खेलने की सलाह दी।

# कार्लोस अल्कारेज को मिली हार

## मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में दी मात



**इंडियन वेल्स , एजेंसी।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को मात दी। इस तरह अल्कारेज को 16 मैचों बाद पहली हार का सामना करना पड़ा।

डेनिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह अल्कारेज का 16 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान समाप्त हो गया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

### मेदवेदेव का अब सिनर से होगा सामना

फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

## आईसीसी का कड़ा एक्शन

# पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान अली आगा को लगी फटकार, खाते में जुड़ा डिमेरिट पॉइंट



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान अपना आपा खोना पाकिस्तानी क्रिकेटर सलमान अली आगा को भारी पड़ गया है।
आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है।
शुक्रवार को ढाका में खेले गए मैच के दौरान सलमान आगा को बांग्लादेशी कप्तान मेहदी हसन मिराज ने रन आउट किया था। इस विवादित रन आउट को आगा ने 'खेल भावना के खिलाफ' माना। आउट होकर पवेलियन लौटते समय उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए हेलमेट और ग्लव्स सीमा रेखा (बाउंड्री) के पास फेंक दिए थे। अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघनः उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का दोषी पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेल सामग्री या उपकरणों के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### बिजली व नल-जल की समस्या पर भाकपा की बैठक, आंदोलन की तैयारी पर चर्चा

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** प्रखंड के मनपुरा गांव टोला स्थित श्यामसुंदर बिगहा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार दोपहर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामनरेश चौधरी ने की। बैठक में श्यामसुंदर बिगहा में बिजली, नल-जल योजना और सोलर लाइट की व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि श्यामसुंदर बिगहा में आज तक बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है और न ही एक भी सोलर लाइट लगाई गई है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 65 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा तो दिया गया, लेकिन अब तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। बैठक में यह भी बताया गया कि जल्द ही इस इलाके में पारंपरिक भूतना मेला आयोजित होने वाला है, जिसमें बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। लेकिन पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को नहाने और अन्य आवश्यक कार्यों में काफी परेशानी होती है। यदि नल-जल योजना लागू हो जाए तो स्थानीय लोगों के साथ-साथ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी राहत मिलेगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, सांसद और विधायक को कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने इन मुद्दों को लेकर विशेष आंदोलन की तैयारी करने पर भी चर्चा की। बैठक में डुमरा ग्राम कचहरी के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, भाकपा के सहायक मंत्री राजकुमार सिंह, शंकर राजवंशी, लखन राजवंशी, कांति देवी, जयराम राजवंशी, राजमणि देवी, रेणु देवी, बिगनी देवी, सोनवा देवी, रीता देवी, मालती देवी, सुखली देवी, ममता देवी, धनमतिया देवी, पार्वती कुमारी, कृष्णा राजवंशी, सुनीता देवी सहित अन्य कई पार्टी सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने अपना नवीकरण भी कराया और आगे के आंदोलन को मजबूत बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### मुख्य सचिव ने की उत्तर कोयल नहर परियोजना के निर्माण कार्यों एवं भूमि अधिग्रहण की समीक्षा

# शेष 4.694 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों, भूमि अधिग्रहण की स्थिति तथा अन्य संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों में चल रहे कार्यों की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता और लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह तथा वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव भी शामिल हुए। इस दौरान परियोजना के अंतर्गत जिले में हो रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। बताया गया कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद तथा मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिले में प्रवेश करती है। इस परियोजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में पैकेज-03 से पैकेज-11 तक कुल सात पैकेज शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 58.618 किलोमीटर है। परियोजना के तहत नहर निर्माण, मिट्टी कार्य, कंक्रीट संरचना और लाइनिंग सहित विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि विभिन्न पैकेजों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई पैकेजों में कार्य संतोषजनक गति से संचालित हो रहा है, जबकि कुछ पैकेजों में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। निर्माण कार्यों के लिए एक्सकेवेटर, डंपर, कंपेक्टर, लाइनिंग पेवर तथा आरएमसी संयंत्र जैसी मशीनरी लगाई गई है और आवश्यक मानव संसाधन की भी तैनाती की गई है। पिछले 12 दिनों में लगभग 2.01 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है।

भूमि अधिग्रहण की स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना के तहत औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है। इसमें से लगभग 36.557 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि शेष 4.694 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

बैठक में परियोजना की वितरण प्रणाली से संबंधित कार्यों की स्थिति की भी जानकारी दी गई। वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया संचालित की गई है और तकनीकी बोली के मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा विद्युत पोलों के स्थानांतरण, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। कई स्थानों पर विद्युत पोलों के स्थानांतरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना का लाभ क्षेत्र के किसानों और आमजनों को समय पर मिल सके।

# बिजली विभाग के सेवानिवृत कर्मी के घर 50 लाख की चोरी

- खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घर में घुसे चोर, सोने-चांदी के गहने और कीमती सामान लेकर फरार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर मोहल्ले में चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी राजेश्वर सिंह के घर से करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और अन्य कीमती सामान चोरी हो गया। चोर देर रात खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित गृहस्वामी राजेश्वर सिंह, जो भाजपा नेता उज्जवल सिंह के रिश्तेदार बताए जाते हैं, ने बताया कि रविवार रात घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। रात में किसी को भी चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के सदस्य रोज की तरह पूजा कक्ष में पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से गहने गायब थे।

उन्होंने बताया कि घर के पिछले हिस्से से सटा एक खाली प्लॉट है, जहां घनी झाड़ियां उगी हुई हैं। आशंका है कि चोर पहले उसी खाली प्लॉट में पहुंचे और झाड़ियों का फायदा उठाकर बाउंड्री पार कर घर के अंदर घुस गए। इसके बाद खिड़की का ग्रिल उखाड़कर कमरे में प्रवेश किया और अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घर में उनकी दो बहुओं और बेटी के जेवरात भी अलमारी में रखे थे। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 और मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है। चोरों का सुराग लगाने के लिए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस घटना को लेकर भाजपा नेता उज्जवल सिंह ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने के अंदर गायत्री नगर और आसपास के इलाकों में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। उन्होंने शहर में रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



### तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने शहर में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि शहर के व्यस्त चौक-चौराहों पर तेज गति से वाहन चलाने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है।

।शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दोनों मामलों में टक्कर मारने वाले आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए। पहली घटना शहर के अदरी नदी के समीप हुई। बताया जाता है कि अदरी नदी क्षेत्र निवासी मुन्ना शर्मा की पत्नी चांदनी कुमारी पास के एक नल से पानी लेकर अपने घर लौट रही थीं। उसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चांदनी कुमारी सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त वहां कुछ लोग आपस में बहसबाजी कर रहे थे। इसी बीच एक युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए वहां से गुजर रहा था और नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दुर्घटना हो गई।

### धर्मशाला चौक के पास अधेड़ को अज्ञात वाहन ने कुचला

दूसरी घटना शहर के एमजी रोड स्थित धर्मशाला चौक के पास हुई। यहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से फेसर थाना क्षेत्र के फेसर गांव निवासी उमेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि उमेश शर्मा किसी काम से फेसर गांव से औरंगाबाद शहर आए हुए थे। धर्मशाला चौक के पास सड़क पार करने या रास्ते से गुजरने के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए उन्हें तुरंत सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बारुण में सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**

जिले के बारुण थाना क्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी महोदया एवं पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद ने कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर उपस्थित प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहनी चाहिए।

अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# डॉ. ब्रजकिशोर सिंह व सरिता सिंह को लायन्स क्लब द्वारा किया गया सम्मानित



- क्लब के सचिव आनंद प्रकाश एवं कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने मेमेंटो, क्लब डायरेक्टरी, पेन एवं बैच देकर सम्मानित किया।
- मारोह के दौरान पदाधिकारियों ने दोनों के सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान की सराहना की।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

राज्य के प्रख्यात चिकित्सक एवं लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य के उपाध्यक्ष डॉ. ब्रजकिशोर सिंह तथा एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह को लायन्स क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सचिव आनंद प्रकाश और कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने उन्हें मेमेंटो, क्लब डायरेक्टरी, पेन और बैच देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने दोनों के सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की और उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

इस अवसर पर डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि लायन्स क्लब जनसेवा और समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवता से जुड़े कार्यों में क्लब की विशेष भूमिका रही है तथा भविष्य में भी क्लब के सदस्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

# रफीगंज–बघोई रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली शुरू



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

रफीगंज से बघोई स्टेशन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के शुरू होने पर रेलवे कर्मियों के बीच खुशी का माहौल देखा गया और मौके पर मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। स्टेशन अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू होने से अब दो स्टेशनों के बीच एक साथ तीन से चार ट्रेनें एक के पीछे एक सुरक्षित रूप से चल सकेंगी। इससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुचारू होगी और रेल परिचालन में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन महीनों के भीतर रफीगंज से गया तक भी ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू होने की संभावना है। इससे पूरे रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही और अधिक तेज तथा सुरक्षित हो जाएगी।

इस अवसर पर रेलवे के उप मुख्य स्टेशन अधीक्षक स्वाति सिंह, यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार, स्टेशन अधीक्षक सुनील शर्मा, स्टेशन मास्टर शंभू कुमार, राजीव रंजन, महेंद्र कुमार, सतीश कुमार, पोर्टर प्रमोद कुमार सहित अन्य रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता चलाया गया अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के चातर पेट्रोल पंप के पास एक निजी होटल में सोमवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज की टीम ने होटल संचालक को आग से बचाव और आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस अभियान में अग्निक नीरज कुमार, सुषमा कुमारी और बंटी कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने होटल संचालक को रसोई गैस, बिजली के उपकरण और ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत आसपास के लोगों को सूचित करना चाहिए। इसके साथ ही, गैस सिलेंडर और बिजली के मुख्य स्विच को बंद करने तथा बालू, पानी या अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# नगर थानाध्यक्ष को किशोर न्याय बोर्ड ने जारी किया शोकॉज नोटिस

- अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि उक्त मामले में विधि विरुद्ध किशोर के वाद का निष्पादन 19 दिसंबर 2025 को कर दिया गया था और निष्पादन प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने सोमवार को औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष को शोकॉज नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई नगर थाना कांड संख्या 93/18 से जुड़े एक मामले में की गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि उक्त मामले में विधि विरुद्ध किशोर के वाद का निष्पादन 19 दिसंबर 2025 को ही कर दिया गया था और इसका निष्पादन प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है। इसके बाद किशोर ने पासपोर्ट बनवाने के लिए चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने हेतु थाना में आवेदन दिया था, जिसके साथ वाद निष्पादन प्रमाण पत्र भी संलग्न था। इसके बावजूद पुलिस द्वारा जांच के बाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना को यह प्रतिवेदन भेज दिया गया कि अभ्यर्थी के विरुद्ध नगर थाना कांड संख्या 93/18 विभिन्न भारतीय दंड संहिता की धाराओं में लंबित है। इस पर किशोर न्याय बोर्ड ने कड़ी आपत्ति जताई है। बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि क्या यह घोर लापरवाही नहीं है, क्या यह मनमानी नहीं है और क्या यह किशोर न्याय अधिनियम की धारा 74(2) का उल्लंघन नहीं है। साथ ही यह भी कहा गया कि इस प्रकार की कार्रवाई बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के समान है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि गलत सूचना भेजने के मामले में छह माह तक के कारावास, दो लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। नगर थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि वे 24 मार्च तक स्वयं बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, बेहोश होने पर साढ़े तीन हजार रुपये छीने

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। हमले में युवक मौके पर ही बेहोश हो गया। बाद में रास्ते से गुजर रही डायल-112 पुलिस की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा पार्क के पास की है। घायल युवक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के शिवन बिगहा गांव निवासी रविशंकर सिंह के पुत्र रौनक कुमार (18) के रूप में हुई है। रौनक ने बताया कि वह जेसीबी चालक मनीष के साथ काम करता है। रविवार को वह डीजल लेने के लिए चतरा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। इसी दौरान तिताई बिगहा पार्क के पास कुछ पड़ोसियों ने उसकी बाइक रोक ली और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

रौनक के अनुसार मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया। इसी बीच उसके पास मौजूद करीब साढ़े तीन हजार रुपये भी बदमाश छीनकर फरार हो गए। घायल युवक की मां चिंता देवी ने रिसियप थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को रौनक के चाचा शिव शंकर सिंह की बेटी की शादी थी और 12 मार्च को घर में मड़वा की रस्म की तैयारी चल रही थी। आरोप है कि पड़ोसियों को शादी समारोह की तैयारियां पसंद नहीं थीं और वे किसी तरह कार्यक्रम में बाधा डालना चाहते थे। बताया गया कि 12 मार्च को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी, जो बाद में हाथापाई में बदल गई थी। हालांकि उस समय ग्रामीणों और रिश्तेदारों के हस्तक्षेप से मामला शांत करा दिया गया था। उस दिन भी डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया था। रिसियप थानाध्यक्ष ने बताया कि शिवन बिगहा गांव में मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शादी समारोह के दौरान कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कारा गांव में बुढ़वा मंगल को लेकर शांति समिति की बैठक, अश्लील गीतों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



जिले के ओबरा प्रखंड स्थित कारा गांव में बुढ़वा मंगल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दोनों समुदायों के गणमान्य लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जुलूस के आयोजकों से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी लाइसेंस की शर्तों का पूरी तरह पालन करते हुए ही जुलूस निकालें। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के अश्लील गीत बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से लोगों से आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

# कब्रिस्तान के पास यात्री शेड निर्माण को लेकर हंगामा

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



जिले के ओबरा प्रखंड स्थित सिंहूडी गांव में कब्रिस्तान के पास यात्री शेड के निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि प्रशासन की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया, जिसके बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया। बताया जाता है कि जिला पार्षद निधि से दो दिन पहले उक्त स्थल पर यात्री शेड का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इसी दौरान एक समुदाय के लोगों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए इसे रोकने का प्रयास किया, जबकि दूसरे समुदाय के लोग निर्माण जारी रखने पर अड़े रहे। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी अंचलाधिकारी मीरा कुमारी, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और अवर निरीक्षक कुणाल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर उन्हें समझाया और आपसी सहमति से मामले का समाधान कराया। इसके बाद यात्री शेड का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सका। इसी दौरान आगामी ईद और रामनवमी पर्व को देखते हुए मौके पर शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई। प्रभारी अंचलाधिकारी मीरा कुमारी और थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने जनता दरबार में सुनी 49 लोगों की शिकायतें



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में "सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 49 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गईं। जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से और ध्यानपूर्वक सुना। साथ ही प्राप्त शिकायतों के त्वरित और उचित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।